उज्जैन
बुधवार
29
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-175
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



छोटे शहर से हॉलीवुड तक सफर, भोपाल में शूट, नए टैलेंट को मिलेगा बड़ा मौका मेरी कहानी ही इस फिल्म की ताकतः स्वेता राय

पेज- 8

# हावड़ा में ईवीएम खराब होने पर हंगामा

## 2 हिरासत में, नादिया में बीजेपी एजेंट पर हमला, बूथों पर महिलाओं की लंबी कतारें लगीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सेकेंड फेज की 142 सीटों पर वोटिंग शुरू हो गई। मतदान के लिए सुबह 5.30 बजे से ही लोग बूथों पर पहुंचने लगे थे। ज्यादातर बूथों पर महिलाओं की लंबी लाइन लगी है।

हावड़ा के बाली में ईवीएम में गड़बड़ी की बात को लेकर हंगामा हो गया। सीआरपीएफ जवानों ने दो लोगों को हिरासत में लिया। नादिया के छपरा में बीजेपी एजेंट ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले का आरोप लगाया।



2021 के विधानसभा चुनाव में टीएमसी ने इन 142 में से 123 सीटों पर जीत दर्ज की थी। पहले फेज की 152 सीटों पर 23 अप्रैल को रिकॉर्ड 93% मतदान हुआ था। 4 मई को रिजल्ट आएंगे।

**राजरहाट-गोपालपुर सीट के कई पोलिंग बूथ पर ईवीएम खराब हुई-** राजरहाट-गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र के पंचनंतला, घोषपारा, केस्टोपुर में और चंदीबेरिया नवजागरण क्लब में ईवीएम में गड़बड़ी की खबर मिली। अब दिक्कतें ठीक हो गई हैं और दोनों बूथों पर वोटिंग फिर से शुरू हो गई है।

# मोदी ने काशी विश्वनाथ में पूजा की, त्रिशूल लहराया

## 108 बटुकों ने शंखनाद किया, 14 किमी के रोड शो में फूल बरसाए, भाजपा कार्यकर्ता नाचते दिखे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाराणसी

काशी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 14 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। वह बीएलडब्ल्यू गेस्ट हाउस से काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। गेट पर ही 108 बटुकों ने शंखनाद के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद पीएम ने बाबा विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में 20 मिनट तक पूजा-अर्चना की। पांच पंडितों ने उन्हें पूजा कराई, माला पहनाई और त्रिपुंड लगाया। पीएम मोदी पूजा के बाद मंदिर से बाहर निकले तो विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने उन्हें त्रिशूल भेंट किया। मेयर ने डमरू दिया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने त्रिशूल उठाकर लहराया। इससे पहले, रोड शो के दौरान भाजपा कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों पर डांस करते नजर आए। प्रधानमंत्री का जगह-जगह स्वागत किया गया। काफिले पर फूल बरसाए गए। पीएम ने हाथ हिलाकर अभिवादन किया। मंदिर से पीएम सड़क मार्ग से एयरपोर्ट जाएंगे। वहां से सीएम योगी के साथ हरदोई रवाना होंगे, जहां गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करेंगे।

# गुटखा-तंबाकू के प्लास्टिक पाउच पर रोक लगेगी

**नई दिल्ली।** अब जल्द ही आपको गुटखा, तंबाकू और पान मसाला के प्लास्टिक पाउच नजर नहीं आएंगे। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने कहा कि पान मसाला की पैकिंग में इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक मेटेरियल को अब कागज, पेपरबोर्ड, सेल्युलोज और अन्य इको-फ्रेंडली मेटेरियल से बदला जाएगा। इसके लिए फसाई ने मंगलवार को खाद्य सुरक्षा और मानक (पैकेजिंग) विनियमन 2018' में संशोधन के लिए एक ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया है। इस ड्राफ्ट 'प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम 2026' पर अगले 30 दिन तक स्टेकहोल्डर्स से राय और आपत्तियां मांगी गई हैं। इसके बाद इस नियम को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# 1 मई से पैसे वाले ऑनलाइन गेम्स पर रोक नए नियम लागू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश में ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए नियम 1 मई 2026 से लागू होने वाले हैं, जिनके तहत पैसे लगाकर खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम्स पर सख्त रोक लगाई जाएगी। यह प्रावधान प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग एक्ट के तहत लागू किया जा रहा है, जिसे वर्ष 2025 में संसद से मंजूरी मिली थी। इन नियमों का उद्देश्य गेमिंग इंडस्ट्री को नियंत्रित करना, यूजर्स की सुरक्षा बढ़ाना और गैरकानूनी सट्टेबाजी जैसे तत्वों पर लगाम लगाना है। सरकार ने साफ किया है कि जहां एक ओर रियल मनी वाले गेम्स पर प्रतिबंध रहेगा, वहीं ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग को बढ़ावा दिया जाएगा।

# टेक होम राशन व्यवस्था पर आर्थिक संकट मंडरा रहा

## पोषण आहार प्लांट चलाने की जिम्मेदारी महिलाओं का दी थी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चाहे उज्जैन हो या फिर पूरा प्रदेश ही क्यों न हो जो जानकारी प्राप्त हो रही है उसके अनुसार 1200 करोड़ रुपए की टेक होम राशन व्यवस्था पर आर्थिक संकट मंडरा रहा है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य ने सरकार ने प्रदेश में पोषण आहार प्लांट चलाने की जिम्मेदारी महिलाओं का दी थी।

लेकिन निरंतर घाटे के कारण पोषण आहार प्लांट पर आर्थिक संकट इस कदर मंडराया है कि ये करीब तीन महीने से बंद पड़े हैं। सरकार का कहना है कि समूहों द्वारा संचालित सातों प्लांट सालाना 40-50 करोड़ रुपए का नुकसान उठा रहे हैं और पिछले 4 वर्षों में कुल घाटा 300 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। यह भी तर्क दिया जा रहा है कि मौजूदा प्लांट समय पर सप्लाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे हितग्राहियों तक राशन पहुंचने में दो-दो महीने की देरी हो रही है। इसका असर यह हुआ है कि इसमें काम करने वाली महिलाएं अब मजदूरी करने को मजबूर हैं।

### मूल उद्देश्य में ही विफल होती दिख रही

गौरतलब है कि मंडला, सागर, नर्मदापुरम, देवास, धार, रीवा और शिवपुरी में 141 करोड़ रुपए की लागत से 7 प्लांट स्थापित किए थे। अब सवाल उठ रहा है कि इन प्लांटों में काम कर रही लगभग 5 लाख महिलाओं की आजीविका का क्या होगा? क्या लखपति दीदी बनाने का वादा करने वाली सरकार उनसे रोजगार छीन लेगी? इस पूरी प्रशासनिक खींचतान का सबसे दुखद पहलू यह है कि योजना अपने मूल उद्देश्य में ही विफल होती दिख रही है। सरकार पोषण आहार पर सालाना 1200 करोड़ रुपए से अधिक खर्च कर रही है, लेकिन बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के बजाय गिरावट देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार, महंगाई बढ़ने के कारण पोषण आहार प्लांट का घाटा बढ़ा है। वर्ष 2018-19 में छोटे बच्चों के लिए दिए जाने वाले राशन का दाम 8 रुपए और महिलाओं व किशोरियों को दिए जाने वाले राशन के लिए 9.50 रुपए दाम तय किए थे।

## हमारे लिए अब भी जंग जैसे हालात, युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ

**तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान ने कहा है कि उसके लिए हालात अब भी जंग जैसे बने हुए हैं। प्रेस टीवी के मुताबिक ईरानी सेना के प्रवक्ता ने कहा कि युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ है। प्रवक्ता ने कहा कि ईरान मौजूदा हालात को सामान्य नहीं मानता है। उन्होंने कहा कि सेना और सुरक्षा एजेंसियां लगातार मॉनिटरिंग और सर्विलांस कर रही हैं, ताकि हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। ईरान ने दुश्मन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई नई कार्रवाई हुई, तो उसे नए हथियारों, नए तरीकों और नए मोर्चों पर जवाब दिया जाएगा।



## सबरीमाला केस सुप्रीम कोर्ट में 10वें दिन की सुनवाई

**नई दिल्ली।** केरलम के सबरीमाला मंदिर सहित अन्य संप्रदायों के धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को 10 वें दिन सुनवाई हो रही है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान जस्टिस बी वी नागरत्ना ने कहा कि धार्मिक कामों के नाम पर सड़कें ब्लॉक नहीं की जा सकतीं। हिंदू धर्म आचार्य सभा की ओर से पेश वकील अक्षय नागराजन ने दलील दी कि सरकार आर्टिकल 25(2)() का आधार बताकर किसी धार्मिक पंथ के अधिकारों में दखल नहीं दे सकती। राज्य को धार्मिक रीति-रिवाजों से जुड़ी आर्थिक, फाइनेंशियल, राजनीतिक या दूसरी सेक्युलर एक्टिविटी को रेगुलेट या रोकने का अधिकार है।

## राष्ट्रपति का अटल टनल दौरा खराब मौसम के कारण रद्द

**शिमला।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आज (बुधवार को) अटल टनल रोहतांग का दौरा रद्द हो गया है। राष्ट्रपति सचिवालय दिल्ली ने खराब मौसम को देखते हुए यह फैसला लिया है। द्रौपदी मुर्मू सुबह अटल टनल जाने वाली थीं। मगर अब वह शिमला में रुकेंगी। वहीं राष्ट्रपति के सम्मान में मंगलवार शाम हिमाचल के शिमला स्थित लोक भवन में राज्य भोज (स्टेट बैंकेट) का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति शाम करीब 7:00 बजे लोक भवन पहुंचीं, जहां उनका राज्यपाल कविंदर गुप्ता, लेडी गवर्नर बिंदु गुप्ता और हिमाचल हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालिया ने गर्मजोशी से स्वागत किया।



## भागलपुर में चैंबर में घुसकर ऑफिसर को गोलियों से भूना

**भागलपुर।** भागलपुर के सुल्तानगंज नगर परिषद ऑफिस में अपराधियों ने घुसकर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर कृष्णा भूषण की हत्या कर दी। वहीं, नगर परिषद के चेयरमैन राज कुमार गुड्डू को भी सिर में गोली लगी है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। चेयरमैन बीजेपी के नेता बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि अपराधी चेयरमैन की हत्या करने पहुंचे थे, लेकिन एग्जीक्यूटिव ऑफिसर ने विरोध किया तो ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। दोनों को सिर में गोली मारकर अपराधी भाग निकले। एग्जीक्यूटिव ऑफिसर कृष्णा भूषण की पत्नी यूपी में एडीएम हैं। पुलिस सूत्रों की माने तो टेंडर प्रक्रिया के साथ-साथ आपसी वर्चस्व को लेकर चेयरमैन-उपचेयरमैन के बीच विवाद है। इस विवाद की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि दो अपराधियों की पहचान कर ली गई है।



## खबर एक नजर...

### आर्मी हवलदार कमलेश पटेल की सेवानिवृत्ति पर निकलेगी तिरंगा रैली

**उज्जैन।** नागझिरी जिला मुख्यालय से 7 किमी दूर ग्राम राजपुरा निवासी कमलेश पटेल 1 मई को 24 वर्ष की सेवा के बाद भारतीय सेना के हवलदार पद से सेवानिवृत्त होंगे। वे 3 मई को देश सेवा पूरी कर अपने गृहग्राम लौटेंगे। जिला मुख्यालय पर तिरंगा रैली निकाली जाएगी। यह कुंदा नदी तट स्थित सिद्धिविनायक गणेश मंदिर से शुरू होकर बस स्टैंड पर समाप्त होगी। इसके बाद ग्राम राजपुरा के मां रेणुका माता के दरबार में सम्मान समारोह आयोजित होगा। शाम 5 बजे से भोजन प्रसादी व रात 9 बजे से भजन संध्या होगी। पटेल ने अप्रैल 2002 में भारतीय सेना में राइफलमैन पद से सेवा शुरू की। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उन्होंने अरुणाचल प्रदेश, कारगिल, पुंछ, राजौरी, डोडा, लेह-लद्दाख व डोकलाम बॉर्डर जैसे दुर्गम व संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात रहकर देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### भारतीय किसान संघ उज्जैन तहसील बैठक में जैविक खेती पर लक्ष्य तय

**उज्जैन।** तहसील कार्यालय में भारतीय किसान संघ उज्जैन तहसील की बैठक हुई। मुख्य अतिथि आनंद सिंह ठाकुर ने जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। बैठक में आगामी अवधि के लिए सदस्यता लक्ष्य 50,000 तय किया गया। संगठन ने अगले वर्ष 100 ग्राम समितियां गठित करने का लक्ष्य भी निर्धारित किया। तहसील अध्यक्ष मानसिंह चौधरी ने लक्ष्यों के क्रियान्वयन पर चर्चा कराई। जैविक प्रमुख लोकेंद्र सिंह और सह मंत्री जयपाल सिंह ने कार्ययोजना के बिंदुओं पर सुझाव रखे।

### गाय को राष्ट्र माता घोषित करने के अभियान से जुड़ा वैष्णव मंडल

**उज्जैन।** अंतरराष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद और वल्लभ आनंद मंडल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए चल रहे राष्ट्रव्यापी अभियान से जुड़ने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अतिथि गजानंद भट्ट थे। अध्यक्षता परमानंद डाबरे ने की। परिषद के कोषाध्यक्ष गोवर्धन एम. नीमा के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत महिला मंडल अध्यक्ष मधु गुप्ता के नेतृत्व में क्षीरसागर स्थित पद्मनारायण मंदिर की गौशाला में गो माता के पूजन से हुई। इस दौरान उपर्णा ओढ़ाकर खली, गुड़ और थूली खिलाई गई। कार्यक्रम के अंतर्गत क्षीरसागर स्थित एसके हायर सेकंडरी स्कूल में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए गो माता के महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता भी कराई गई। प्रतियोगिता में प्रथम माही जैन, द्वितीय अरशी एहमद द्वितीय और तृतीय अंकित सूर्यवंशी को पुरस्कृत किया गया।

### 10वीं-12वीं के विद्यार्थियों को कॅरियर के लिए दिया मार्गदर्शन

**उज्जैन।** मस्जिद जामा ए शकेब के तत्वावधान में परवाज एजुकेशन, प्रशिक्षण व अकादमिक मार्गदर्शन केंद्र ने 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए कॅरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य वक्ता औरंगाबाद से आए कॅरियर काउंसलर शेख नजमुद्दीन ने विद्यार्थियों को अलग-अलग कॅरियर के विकल्प बताए और आगे की पढ़ाई को लेकर मार्गदर्शन दिया। क्षेत्र चयन पर भी बात की। उन्होंने विज्ञान, वाणिज्य, कला, चिकित्सा, इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में अवसरों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को रुचि और क्षमता के अनुसार दिशा चुनने के लिए प्रेरित किया। नगर अध्यक्ष नदी अहमद के अनुसार कार्यक्रम में करीब 250 विद्यार्थियों सहित अभिभावक और शिक्षक पहुंचे। प्रतिभागियों ने भविष्य से जुड़े सवाल पूछे। इस दौरान मस्जिद जामा ए शकेब कमेटी के अध्यक्ष हाजी मुस्तकीम, इंजीनियर सद्दाम, अयान अंसारी, हबीबुर्रहमान, मोहम्मद उमैर, सोहेल अख्तर, आफाक अहमद, मोहम्मद जिशान, जैनुल आबिदीन आदि मौजूद थे। संचालन अताउल्लाह खान ने किया। मोहम्मद आमिर ने आभार व्यक्त किया।

# कृषि अध्ययनशाला के गेट पर लिखा- तुम सब मरोगे

## उज्जैन में अज्ञात बदमाशों की हरकत से दहशत, मटकी-लाल कपड़ा और कुंकू के निशान मिले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन की कृषि अध्ययनशाला की नई बिल्डिंग में सोमवार तड़के अज्ञात शरारती तत्वों ने टोना-टोटका कर दहशत फैलाने की कोशिश की। बदमाशों ने मुख्य गेट के पास दीवार पर कुंकू से तुम सब मरोगे लिख दिया, जिससे शिक्षक, कर्मचारी और छात्र भयभीत हो गए।

जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 2 से 3 बजे के बीच की है। रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार सुबह जब चौकीदार आशीष बोरिंग चालू करने पहुंचा तो उसने मेन चैनल गेट के सामने एक मटकी, लाल कपड़ा और आसपास कुंकू के साथ तंत्र क्रिया जैसे निशान देखे। पास ही दीवार पर 'तुम सब मरोगे' लिखा था।

चौकीदार आशीष ने बताया कि रात करीब 2 बजे तक स्टाफ जाग रहा था, लेकिन सुबह बोरिंग चालू करने के दौरान यह सब देखा। उन्होंने मौके को बिना छुए तुरंत अधिकारियों




को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही शिक्षक और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और नजारा देखकर घबरा गए। इस घटना के बाद विद्यार्थियों में भी डर का माहौल है। उल्लेखनीय है कि इस नई बिल्डिंग में करीब 10 दिन पहले ही कक्षाएं शुरू हुई हैं, जहां लगभग 1100 विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं।

सीसीटीवी नहीं, जांच में परेशानी बिल्डिंग के बाहर सीसीटीवी कैमरे नहीं होने के कारण शरारती तत्वों की पहचान करना मुश्किल हो रहा है। फिलहाल अध्ययनशाला के अधिकारी मामले की जांच में जुटे हैं।

दीवार की पुताई कर लिखा हुआ मिटाया गया विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश टेलर ने बताया कि अज्ञात लोगों द्वारा यह हरकत की गई है। मौके पर रखी सामग्री को हटवा दिया गया है और दीवार पर लिखे शब्दों को मिटाकर पुताई करवा दी गई है। घटना की सूचना विश्वविद्यालय प्रशासन को दे दी गई है।

# उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण

## मंच से दुर्गा स्तुति, शिव तांडव गाया, सिंहस्थ 2028 का विजन रखा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) के नवनियुक्त अध्यक्ष रवि सोलंकी ने मंगलवार शाम पदभार ग्रहण किया। उन्होंने अपने सभी सदस्यों के साथ प्राधिकरण कार्यालय पहुंचकर विधिवत कार्यभार संभाला। इस दौरान भाजपा संगठन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यालय के बाहर एक भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसे पहली बार किसी अध्यक्ष की नियुक्ति पर सार्वजनिक और बड़े आयोजन के रूप में देखा गया। मंच से नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सोलंकी का जोरदार स्वागत किया।

अपने संबोधन में रवि सोलंकी ने भाजपा नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी एक साधारण कार्यकर्ता को भी बड़ी जिम्मेदारी देती है। सोलंकी ने भरोसा दिलाया कि वे टीम भावना के साथ उज्जैन के विकास को नई दिशा देंगे।

**सिंहस्थ को लेकर रहेगा फोकस-**




उन्होंने विशेष रूप से सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़कों और सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया। सोलंकी ने बताया कि आगामी समय में उज्जैन में आवासीय योजनाओं, नई सड़कों और गरीब वर्ग के लिए ईडब्ल्यूएस व एलआईजी फ्लैट्स के निर्माण पर काम होगा। इसके साथ ही, उन्होंने धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महाकाल मंदिर सहित चिंतामन गणेश, हरसिद्धि, मंगलनाथ जैसे प्रमुख मंदिरों के विकास की बात कही। उनका उद्देश्य है कि बाहर से आने वाले श्रद्धालु उज्जैन में अधिक समय बिताएं।

उन्होंने शहर की धरोहर स्थलों को मुख्य मार्गों से जोड़ने और सुविधाओं को बेहतर बनाने पर भी जोर दिया। सोलंकी ने अपने संबोधन में दुर्गा स्तुति और शिव तांडव स्तोत्र की पंक्तियां भी गाईं, जिससे उनकी भगवान महाकाल के प्रति आस्था व्यक्त हुई। उन्होंने इन्हीं पंक्तियों के साथ अपना भाषण समाप्त किया।

### उज्जैन महापौर की मांग

# आरटीई से 12वीं तक मिले प्रवेश

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा, कहा- आठवीं के बाद छूट जाती है पढ़ाई, नियमों में संशोधन का सुझाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल ने शिक्षा के अधिकार (आरटीई) को लेकर बड़ा मुद्दा उठाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर आरटीई के तहत 12वीं तक मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवारों के बच्चों को निजी स्कूलों में कक्षा 8वीं तक निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। लेकिन इसके बाद कक्षा 9वीं में उन्हें न तो निजी स्कूलों में मुफ्त प्रवेश मिलता है और न ही कई सरकारी स्कूलों में आसानी से एडमिशन हो पाता है।

महापौर मुकेश टटवाल ने अपने पत्र में मांग की है कि आरटीई के तहत एक बार जिस छात्र को प्रवेश मिल जाए, उसे उसी स्कूल में 12वीं तक पढ़ाई का अधिकार मिलना चाहिए।

शासकीय उत्कृष्ट, सांदीपनि और अन्य सरकारी स्कूलों में भी इन बच्चों को प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाना चाहिए। महापौर ने इसके लिए नियमों में आवश्यक संशोधन का सुझाव भी दिया।

महापौर का कहना है कि शिक्षा का



अधिकार केवल प्राथमिक स्तर तक सीमित नहीं होना चाहिए। यदि बच्चे को एक बार शिक्षा की मुख्यधारा में लाया गया है, तो उसे 12वीं तक निरंतर शिक्षा मिलना जरूरी है, तभी उसका भविष्य सुरक्षित हो सकेगा।

अभी स्थिति यह है कि 8वीं के बाद इन छात्रों को आगे की पढ़ाई के लिए संघर्ष करना पड़ता है। निजी स्कूल फीस मांगते हैं, जबकि सरकारी स्कूल पहले अपने छात्रों को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे में कई बच्चों की पढ़ाई बीच में ही छूटने का खतरा रहता है।

# संस्कृत विवि में शुरू होंगे मंदिर प्रबंधन व धर्मशास्त्र के नए कोर्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर मंदिर प्रबंधन एवं धर्मशास्त्र जैसे विषयों की पढ़ाई भी हो सकेगी। विद्यार्थी इन कोर्स की पढ़ाई कर बीए और एमए की डिग्रियां प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा विश्वविद्यालय के अध्ययनशाला परिसर में संचालित सभी कक्षाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद् की बैठक में सोमवार को ये निर्णय लिए



गए। कुलगुरु प्रो. शिवशंकर मिश्र की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यपरिषद् सदस्य गौरव धाकड़, विश्वास व्यास, सुमीना निग्गा, केसरसिंह चौहान, एडवोकेट गीतांजलि, अजय राठी, अनिल मुवेल, डॉ. हरीश व्यास भी उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया कि सभी कक्षाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिसका कंट्रोल कुलगुरु कक्ष से होगा। बैठक में विश्वविद्यालय की सभी निविदाएं और कार्य ऑनलाइन माध्यम से कराने का निर्णय लिया। इसके अलावा भी कई अन्य प्रस्तावों पर निर्णय लिए गए।

दीक्षांत समारोह में दो विद्वानों को मिलेगी महा महोपाध्याय की उपाधिः बैठक में विश्वविद्यालय के आगामी दीक्षांत समारोह के लिए राज्यपाल, मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री को आमंत्रित करने की औपचारिक सहमति दी गई। समारोह में दो विद्वानों पद्मभूषण एचएच चिन्जिय स्वामी (तेलंगाना) और प्रो. रमेशकुमार पांडेय (नईदिल्ली) को महा महोपाध्याय की उपाधि देने के प्रस्ताव पर भी सहमति दी गई। विश्वविद्यालय में 55 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का भूमि पूजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हाथों कराने के लिए उन्हें आमंत्रित कर समय लेने पर भी सहमति बनी।

उज्जैन
बुधवार
29
अप्रैल, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

प्रेरकः सूचकश्वैव वाचको दर्शकस्तथा।
शिक्षको बोधकश्चैव षडेते गुरवः स्मृताः॥
अर्थः प्रेरणा देनेवाले, सूचन देनेवाले, (सच) बतानेवाले, (रास्ता) दिखानेवाले, शिक्षा देनेवाले, और बोध करानेवाले ये सब गुरु समान है।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में बस ड्राइवर की सड़क हादसे में मौत

**इंदौर।** नावदा पंथ इलाके में सोमवार रात एक सड़क हादसे में दंपती घायल हो गए थे। दोनों को उपचार के लिए एमवाय लेकर आया गया। यहां पत्नी की मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनों पीथमपुर में परिचित से रुपए लेने गए थे। हालांकि पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। चंदन नगर पुलिस के मुताबिक विकास पुत्र शिवचरण राठौर निवासी ग्राम बारोली अपनी पत्नी पूजा के साथ पीथमपुर निजी काम से गए थे। रात में नावथा पथ ब्रिज के यहां पर उन्हें सामने से बाइक सवार ने टक्कर मार दी। दोनों को उपचार के लिए एमवाय में भेजा गया। यहां विकास की मौत हो गई। विकास स्कूल की बस चलाते थे। दंपती के दो बच्चे हैं। इस हादसे में दूसरे बाइक सवार को भी चोट आई थी। उसे परिजन निजी अस्पताल ले गए। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### भोजशाला सुनवाई:मुस्लिम पक्ष ने कहा - मालिकाना हक याचिका से तय नहीं हो सकता है

**इंदौर।** भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद विवाद में सोमवार को हाई कोर्ट में मुस्लिम पक्ष ने हिंदू पक्ष की दो जनहित याचिकाओं पर आपत्ति जताई। वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा मेनन ने कहा कि याचिकाओं में सिर्फ पूजा अधिकार नहीं, बल्कि मालिकाना हक की मांग की गई है। ऐसे विवाद दीवानी अदालत में तय होते हैं, जनहित याचिका से नहीं। मुस्लिम पक्ष ने यह भी कहा कि याचिकाकताओं को जनहित याचिका दाखिल करने का अधिकार साबित करना होगा। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल सुनील कुमार जैन ने बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने वैज्ञानिक सर्वे की वीडियोग्राफी वाली सीलबंद हार्ड डिस्क कोर्ट में जमा कर दी है। यह रिकॉर्ड संबंधित पक्षों को भी उपलब्ध कराया गया है। मामले में मंगलवार को फिर सुनवाई होगी।

### पिता को सिर-पेट में मारा चाकू, हालत गंभीर

**इंदौर।** इंदौर के हीरानगर इलाके में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां बेटे ने ही अपने पिता पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल पिता का अस्पताल में इलाज जारी है, जबकि आरोपी फरार है। खास बात यह है कि आरोपी को तीन दिन पहले ही पुलिस ने पकड़कर छोड़ा था। परिजनों के मुताबिक, रात करीब 12 बजे सागर घर पहुंचा और घर का सामान फेंकने लगा। पिता अनिल ने उसे रोकने की कोशिश की, तो सागर ने पहले चाकू के हत्थे से सिर पर वार किया और फिर पेट में चाकू घोंप दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से अनिल ठाकुर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में बेटी भक्ति ने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक 23 अप्रैल को इलाके में विवाद के दौरान पुलिस ने सागर ठाकुर को पकड़ा था। उसे रूबिना मिजवानी की कोर्ट में पेश किया गया, जहां से सामान्य मुचलके पर छोड़ दिया गया।

### शादी टूटी तो युवती से की मारपीट, तलवार से हमला

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एक युवती से मारपीट और जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर अंकित ठाकुर और उसके साथी अभिषेक पंवार के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़िता रीगल इलाके की एक निजी कंपनी में काम करती है। उसने पुलिस को बताया कि अंकित ठाकुर से उसका परिचय था। दोनों के बीच शादी को लेकर बात चल रही थी। इसी बीच उसे पता चला कि अंकित का किसी अन्य लड़की से भी संबंध है।

### किसान बोले- जिला प्रशासन ने नियमों को ताक पर रखकर कृषि भूमि को नजूल घोषित कर दिया

# आदिवासियों की 44 एकड़ जमीन पर इंडस्ट्री का कब्जा

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर जिला प्रशासन पर 29 आदिवासी किसानों की पुश्तैनी जमीन लैंड यूज नियमों को नजरअंदाज कर उद्योग को लीज पर देने का आरोप है।

किसानों का दावा है कि उनकी कृषि भूमि को गलत तरीके से नजूल भूमि घोषित कर दिया गया, जिससे 29 परिवार अब मजदूरी करने को मजबूर हैं। बेबस किसानों ने अब न्याय के लिए कोर्ट की शरण ली है।

पूरा मामला पीथमपुर के पास काली बिल्लोद स्थित खसरा नंबर 278 की करीब 44 एकड़ की जमीन का है। 1976 में सरकार ने 29 अनुसूचित जनजाति (रळ) के परिवारों को शासन की एक योजना के तहत यह जमीन अलॉट की गई थी। उस समय शासन ने इन परिवारों को वन भूमि पर काबिज मानते हुए पट्टे दिए थे। राजस्व विभाग ने इन्हें राजस्व भूमि मानकर भू- अधिकार प्रमाण भी जारी किए थे।



**नामांतरण में गड़बड़ी और रिकॉर्ड में बदलाव-** मामले में वारिसों के नामांतरण में लापरवाही बरतने और दस्तावेजों में कथित हेरफेर करने का भी आरोप है। इसी का फायदा उठाकर भूमि के रिकॉर्ड में बदलाव किए गए। दरअसल, मार्च 2025 में इस जमीन को पहले औद्योगिक केंद्र विकास निगम को हस्तांतरित किया गया और बाद में इसे ह्यशक्ति पंप इंडस्ट्रीजह्ण को लीज पर दे दी गई।

**बिना किसी सूचना के बेदखली--** किसानों का कहना है कि उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना और सुनवाई के जमीन से बेदखल करने की कोशिश की गई। मौके पर प्रशासन, पुलिस और उद्योग से जुड़े लोग पहुंचे और उन पर दबाव बनाया। मामले को आपराधिक प्रकृति का बताते हुए इनमें से 16 किसानों ने विशेष एससी-एसटी कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई।

### कोर्ट की शरण और जिम्मेदारों को नोटिस

किसानों की पैरवी कर रहे सीनियर एडवोकेट नीरज सोनी ने बताया कि कोर्ट ने राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इसके अलावा इन्हीं किसानों द्वारा 22 अप्रैल को हाई कोर्ट में भी एक रिट याचिका दायर की गई है, जिसमें कलेक्टर के आदेश को निरस्त करने की मांग की गई है। स्पेशल कोर्ट (रउ/रळ) में 6 अप्रैल 2026 को शिकायत दायर की गई और उसी दिन सुनवाई भी हुई। कोर्ट ने राजस्व आयुक्त इंदौर संभाग को नोटिस जारी कर 26 जून तक कोर्ट में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।



### कानूनों का खुला उल्लंघन

प्रभावित किसान चुन्नी लाल डांगी, बने सिंह भल्ला, सकाराम, मांगीलाल जोगडिया सहित सभी का कहना है कि भूमि हस्तांतरण में रउ/रळ अू३, ढएरअ अू३ सहित अन्य कानूनों का पालन नहीं किया गया। आदिवासी भूमि को केवल विशेष परिस्थितियों (जैसे आपात स्थिति) में ही अधिगृहीत किया जा सकता है, लेकिन इस मामले में न तो भूमि अधिग्रहण की वैधानिक प्रक्रिया अपनाई गई और न ही ग्राम स्तर पर राय ली गई।

# नगर निगम के खोदे गड्ढे में गिरा युवक

### पैर कटकर आधा लटका, पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे तो बैरिकेड्स लगाकर लौट गए

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

द्वारकापुरी इलाके में मंगलवार रात एक युवक बाइक सहित एक गड्ढे में जा गिरा। हादसे में युवक के पैर का पंजा आधे से ज्यादा कटकर लटक गया। उसका दूसरा पैर भी फ्रैक्चर है।

आसपास मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकाला और उपचार के लिए निजी अस्पताल भेजा। घटना वीआईपी परस्पर रोड की है। यहां नगर निगम ने नर्मदा लाइन डालने के लिए गड्ढे खोदे हुए हैं।

रात करीब 9 बजे राकेश पिता हरीश यादव, उम्र 33 साल, निवासी श्रद्धा सबूरी कॉलोनी, बाइक सहित एक गड्ढे में जा गिरा। लोगों ने उसे देखा तो तुरंत बाहर निकालकर यूनिक अस्पताल भेजा, जहां उसका इलाज जारी है। वह





कार पेंटर है और सिलिकॉन सिटी में काम पर जा रहा था। उसके 3 बच्चे हैं।

**पाइपलाइन डालने का चल रहा है काम-** रहवासियों के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से यहां पाइपलाइन डालने का काम चल रहा है। इसके लिए सड़क पर कई गड्ढे खोदे गए हैं, लेकिन किसी तरह की चेतावनी या सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए थे।

**बैरिकेड्स लगाकर लौट गए पुलिसकर्मी-** सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। दो पुलिसकर्मी बाइक से आए और आसपास बैरिकेड्स लगाकर लौट गए।

# खंडवा रोड इलाके में दो जगह लगी आग

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

खंडवा रोड इलाके में देर रात से अलसुबह तक दो अलग-अलग जगहों पर आग लगने की घटनाएं सामने आईं। खंडवा रोड स्थित मैरिज गार्डन में बारात के दौरान आतिशबाजी से आग लगी, जबकि दूसरी घटना में गोशाला में भीषण आग भड़क गई।

पहली घटना पिपल्याराव स्थित राधा कृष्ण गार्डन की है। यहां रात करीब 11:30 बजे बारात के दौरान की गई आतिशबाजी से बाहर लगी झाड़ियां और टेंट में आग लग गई। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई, हालांकि मौजूद लोगों ने तुरंत प्रयास कर आग पर काबू पा लिया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

दूसरी घटना अलसुबह करीब 4:24 बजे अयोध्यापुरी में शांति फार्म हाउस के पास स्थित एक गोशाला में हुई। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और करीब 25 हजार लीटर पानी डालकर आग पर काबू पाया। आग बुझाने में लगभग 2 घंटे का समय लगा। दमकल कर्मियों के मुताबिक आग के दौरान गोशाला में कुछ मवेशी फंसे हुए थे, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हालांकि इस दौरान दो मवेशी झुलस गए। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

# सोनम इंदौर आएगी तो पूछूंगी मेरे बेटे को क्यों मारा?

### राजा रघुवंशी मर्डर केस, जमानत पर छलका मां का दर्द, भाई बोला- मुझ पर भी हो सकता है हमला

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

राजा रघुवंशी हत्याकांड में मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को जमानत मिलने की खबर ने परिवार को झकझोर दिया। परिजनों को इस फैसले की जानकारी उनके वकील से नहीं, बल्कि शिलांग पुलिस के एक फोन से मिली। अचानक आई इस खबर के बाद घर का माहौल बदल गया।

राजा की मां उमा रघुवंशी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें इस फैसले पर यकीन ही नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि सोनम इस पूरे मामले की मास्टरमाइंड है। उमा ने कहा, अभी तक तो सुना था कि कानून अंधा होता है आज



देखने को भी मिल गया। उन्होंने मामले में सीबीआई जांच की मांग करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हस्तक्षेप की अपील की है। उमा रघुवंशी ने कहा कि एक मां को अपने बेटे के लिए न्याय की उम्मीद थी, लेकिन इस फैसले ने उन्हें बड़ा झटका दिया है। उन्होंने आशंका जताई कि अगर मुख्य आरोपी को जमानत मिल सकती है, तो अन्य आरोपियों को भी राहत मिल सकती है। वह जब भी इंदौर आएगी तो मैं उससे पूछूंगी कि मेरे बेटे का क्या कसूर था? क्यों मारा उसे?

**सोनम या उसका भाई मुझ पर करा सकता है हमला-** वहीं, राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने भी कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि सोनम को सोमवार को ही जमानत मिल गई थी, लेकिन उन्हें इसकी जानकारी मंगलवार को शिलांग पुलिस से मिली। चार दिन पहले तक उनके वकील ने भी जमानत मिलने की संभावना से इनकार किया था।

विपिन ने आरोप लगाया कि सोनम के परिवार, खासकर उसके भाई गोविंद का उसे पूरा समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि पैसों की ताकत के आगे हम अपने भाई को न्याय नहीं दिला पा रहे हैं।

वे सोनम की जमानत रद्द कराने के लिए हाईकोर्ट का रुख करेंगे और जरूरत पड़ी तो शिलांग भी जाएंगे। ऐसे में यदि सोनम वापस जेल जाती है तो भाई गोविंद इसका बदला ले सकता है।

विपिन ने आशंका भी जताई कि अगर अपील करने के लिए अगर वह शिलांग जाते है तो सोनम उन पर हमला करा सकती है। यदि मेरे साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो उसके लिए गोविंद जिम्मेदार होगा। जमानत के आधार पर भी सवाल उठाते हुए विपिन ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि कोर्ट ने यह मानते हुए जमानत दी कि गिरफ्तारी के वक्त सोनम को कारण नहीं बताया गया था। हमें अब तक चार्जशीट की कॉपी नहीं दी गई, जबकि दूसरी ओर आरोपी पक्ष को यह उपलब्ध करा दी गई है।

## खबर एक नजर...

### अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में छह दिवसीय साहित्य महोत्सव का शुभारंभ

**उज्जैन।** अक्षत इंटरनेशनल स्कूल परिसर में 28 अप्रैल से साहित्य महोत्सव का शुभारंभ हुआ। महोत्सव के प्रथम चरण के अंतर्गत 'पत्रकारिता में संपादन की अहमियत' विषय पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें मुख्य अतिथि एनडीटीवी इंडिया के वरिष्ठ पत्रकार ललित जैन ने विद्यार्थियों को निर्भीक, निष्पक्ष एवं स्पष्ट पत्रकारिता के सिद्धांतों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला में श्री जैन ने बताया कि संपादन केवल भाषा-संशोधन का काम नहीं है, बल्कि यह तथ्यों का सत्यापन, स्रोतों की जांच, नैतिकता और खबर के प्रसंग को सही आकार देने का संवेदनशील कार्य है। उन्होंने हेडलाइन लेखन, फैक्ट-चेकिंग और निष्पक्ष रिपोर्टिंग के व्यावहारिक सुझाव दिए। साथ ही लाइव प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

कार्यक्रम में विद्यालय संचालक आनंद पंड्या ने हिंदी भाषा के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि हिंदी मात्र एक भाषा नहीं है, बल्कि यह विचारों की अभिव्यक्ति का सहज और सरल माध्यम है।

इस अवसर पर अकादमिक निदेशिका सरोज वागले, वाइस प्रिंसिपल पल्लवी दिवाकर, समन्वयक, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। आयोजकों के अनुसार यह सत्र युवा साहित्यकारों व नवोदित पत्रकारों के लिए प्रेरणादायी और उपयोगी रहा।

### बाल-युवा संस्कार शिविर का भव्य उद्घाटन

उज्जैन। श्री सीमंधर दिगंबर जैन मंदिर क्षीरसागर में वीतराग विज्ञान पाठशाला के 51वें स्थापना दिवस व स्वर्ण जयंती के अवसर पर छह दिवसीय विशाल बाल-युवा संस्कार शिविर का भव्य उद्घाटन 28 अप्रैल को हुआ। यह आध्यात्मिक शिक्षण शिविर 3 मई तक चलेगा। ज्ञात हो कि 50 वर्ष पूर्व बच्चों में आध्यात्मिक एवं नैतिक जागरूकता के लिए दादा श्री विमलचंद जी झाँझरी की प्रेरणा से पंडित प्रदीप जी झाँझरी द्वारा इस पाठशाला की स्थापना की गई थी। पिछले पांच दशकों से निरंतर संचालित इस पाठशाला में अब तक चार पीढ़ियां अध्ययन कर चुकी हैं। यहां धार्मिक अध्ययन के साथ नैतिक आचरण, माता-पिता व परिवार की सेवा और समाज सेवा के संस्कार बचपन से ही दिए जाते हैं।





# डॉ. अभिषेक माथुर बने महामंडलेश्वर, अब कहलाएंगे स्वामी अभिषेक दास महाराज

### जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के मार्गदर्शन में हुआ पट्टाभिषेक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

**चतुरंगिनी सेना का शंखनाद, गौ रक्षा अखाड़े का गठन**

अनंत श्री विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज द्वारा सनातन धर्म की रक्षा के लिए चतुरंगिनी सेना बनाने का ऐलान किया गया है। इसके प्रथम चरण में हरिद्वार की पावन नगरी में मां गंगा के तट पर 'गौ रक्षा अखाड़े' का विधिवत गठन किया गया। इस भव्य आध्यात्मिक समारोह में पट्टाभिषेक एवं शपथ ग्रहण के साथ उज्जैन के डॉ. अभिषेक माथुर को महामंडलेश्वर की उपाधि से अलंकृत किया गया। नामकरण के पश्चात अब



उन्हें स्वामी अभिषेक दास जी महाराज के नाम से जाना जाएगा।श्री श्री 1008 श्री पटिया वाले बाबा के प्रिय शिष्य डॉ. माथुर लंबे समय से सामाजिक और धार्मिक कार्यों में सक्रिय हैं। वे उज्जैन में जानकी रमन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष व संचालक, अखिल भारतीय सनातन धर्म रक्षा परिषद के अध्यक्ष और हिंदुत्व रक्षा महासंघ के जिला अध्यक्ष हैं। इसके साथ ही वे एक समर्पित गौ सेवक, आध्यात्म गुरु और बाबा हनुमान जी के परम भक्त हैं। नवगठित गौ रक्षा अखाड़े का संरक्षण स्वयं जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज करेंगे और संस्था उन्हीं के मार्गदर्शन में कार्य करेगी। अखाड़े का प्रतिनिधित्व आचार्य महामंडलेश्वर श्री शिवम महाराज एवं श्री दीपकेश्वरानंद जी महाराज द्वारा किया जाएगा। इस गरिमामय समारोह में लगभग 31 संतों को महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, श्री महंत और धमार्चार्य आदि की उपाधियां प्रदान कर अखाड़े में शामिल किया गया।

हरिद्वार में हुए इस दिव्य आध्यात्मिक संगम के साक्षी लकी जायसवाल, बृजमोहन मालवीय, लक्ष्मण यादव, पवन जायसवाल और गोपाल सोनकुसरे बने। डॉ. अभिषेक माथुर के स्वामी अभिषेक दास जी महाराज के रूप में महामंडलेश्वर बनने पर सनातनी समाज में हर्ष का माहौल है और धर्मप्रेमियों ने उनका आत्मीय वंदन व अभिनंदन किया।

# प्रतिकल्पा की 20वीं नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला 3 मई से, भरतनाट्यम, लोकनृत्य का मिलेगा प्रशिक्षण

### सयाजीराव यूनिवर्सिटी बड़ौदा की प्रो. स्मृति वाघेला देंगी भरतनाट्यम की बारीकियों का ज्ञान, 20 वर्षों से जारी है संस्था का कला संस्कार अभियान।

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर की प्रतिष्ठित प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा आयोजित 20वीं नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला 3 मई से शुरू होने जा रही है। इस विशेष कार्यशाला में नृत्य की त्रिधारा अर्थात शास्त्रीय, लोक और बॉलीवुड शैलियों का उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

वरिष्ठ नृत्य गुरु डॉ. पल्लवी किशन ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य बच्चों, युवाओं और महिलाओं को मंच से जोड़ना तथा उनमें कला के संस्कार रोपित करना है। इसी उद्देश्य को लेकर संस्था बीते 20 वर्षों से निरंतर इस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कर रही है। कार्यशाला में दक्षिण भारत की प्रसिद्ध नृत्य शैली भरतनाट्यम का प्रशिक्षण सयाजीराव यूनिवर्सिटी बड़ौदा की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर स्मृति वाघेला एवं वरिष्ठ नृत्यांगना अरनी भक्त द्वारा प्रदान किया जाएगा।

इसके अलावा बच्चों को बॉलीवुड नृत्य का



प्रशिक्षण यूफोरिया डांस स्टूडियो के डायरेक्टर सोनू जोसेफ देंगे। वहीं, महिलाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से लोकनृत्य का विशेष प्रशिक्षण डॉ. पल्लवी किशन एवं लोकेश सिंह तोमर द्वारा दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण माधव नगर रेलवे स्टेशन के सामने, फ्रीगंज स्थित भारतीय ज्ञानपीठ परिसर में आयोजित किया जाएगा।

संस्था अध्यक्ष डॉ. शिव चौरसिया, डॉ. अनीता चौधरी, कुमार किशन, रविंद्र देवलेकर, मिलन गुप्ता, विजय भागचंदानी, लकी राठौर और नैना सिंह सोलंकी ने शहर के कलाप्रेमियों से इस कार्यशाला में भाग लेने का आह्वान किया है। इच्छुक व्यक्ति कार्यशाला में पंजीयन के लिए विश्वविद्यालय मार्ग स्थित 8 आशा भवन में प्रतिकल्पा कार्यालय पर या संपर्क नंबर 9407126842 और 9424065841 पर संपर्क कर सकते हैं।

### एलपीजी गैस उपभोक्ताओं को बड़ी राहतः असंतुष्ट होने पर निशुल्क बदल सकेंगे एजेंसी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

एलपीजी गैस उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण और राहत भरी खबर है। भारत सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को अपना गैस कनेक्शन उसी कंपनी की अन्य एजेंसी पर स्थानांतरित करने की सुविधा प्रदान की गई है। यह सुविधा सभी गैस कंपनियों द्वारा दी जा रही है।

क्षिप्रा उपभोक्ता संरक्षण समिति के अध्यक्ष कैलाश यादव ने जनहित में जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ताओं की परेशानियों को देखते हुए भारत सरकार ने यह अहम कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि भारत गैस कंपनी, इंडियन ऑयल कंपनी और हिंदुस्तान ऑयल कंपनी के उपभोक्ता इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। यदि कोई उपभोक्ता अपनी वर्तमान गैस एजेंसी की सेवाओं से संतुष्ट नहीं है, तो वह अपनी पसंद की किसी अन्य गैस एजेंसी पर जाकर निशुल्क अपना एजेंसी परिवर्तन करवा सकता है।

एजेंसी बदलने की इस प्रक्रिया को आसान और सुलभ भी बनाया गया है। यदि उपभोक्ता चाहें तो वे स्वयं भी मोबाइल के माध्यम से अपनी गैस एजेंसी बदल सकते हैं। इसके लिए उपभोक्ता को अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर संबंधित गैस कंपनी का एप्लिकेशन डाउनलोड करना होगा, जिसके जरिए वे घर बैठे इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे।

# जैन सोशल ग्रुप सार्थक की 'हंसी की चौपाल': जानी बैरागी के व्यंग्यों ने बांधा समां

### हास्य, व्यंग्य और ओज का दिखा शानदार संगम, ठहाकों से गूंजा आयोजन स्थल, आमंत्रित कवियों का हुआ भव्य सम्मान।

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

राशि कन्या है लेकिन किस्मत में एक भी कन्या नहीं है, जिंदगी साल या महीना बदलने से नहीं बल्कि शादी होने से बदलती है।₹ कुछ ऐसे ही चुटीले और मदमस्त व्यंग्यों से अंतरराष्ट्रीय हास्य कवि जानी बैरागी ने श्रोताओं को




लोटपोट कर दिया। अवसर था जैन सोशल ग्रुप सार्थक द्वारा आयोजित कार्यक्रम हंसी की चौपाल का, जहां हास्य, व्यंग्य और ओज का अनूठा संगम देखने को मिला। जानी बैरागी ने वैलेंटाइन डे, गांधी जयंती और सामाजिक विसंगतियों पर भी करारे व्यंग्य कर दर्शकों को खूब हंसाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्वेता गादिया द्वारा सुमधुर स्वर में नवकार मंत्र वाचन के साथ हुआ। इसके पश्चात मंच पर विराजमान आमंत्रित कवियों का शॉल, श्रीफल और स्मृति चिह्न भेंट कर आत्मीय सम्मान किया गया। इस गरिमामयी सम्मान समारोह में संस्थापक अध्यक्ष अमित कावड़िया, राजेश पटनी, आशीष पीपाड़ा, निलेश संघवी, प्रीति कावड़िया, नूतन जैन और कविता कासलीवाल ने विशेष भूमिका निभाई।

इस साहित्यिक आयोजन में केवल हास्य ही नहीं, बल्कि ओज और जीवन दर्शन की भी सुंदर छटा देखने को मिली। मंदसौर से पधारे कवि मुन्ना बैटरी ने ₹देख साहसी सेना को, दुश्मन का मनोबल टूट गया, घर में घुसकर जब मारा तो, हाय पसीना छूट गया₹ जैसी पंक्तियों से देशभक्ति का जज्बा जगाया। वहीं, बदनावर के कवि राकेश शर्मा ने ₹वक्त की रफ्तार को कौन कर पाया गिरफ्तार₹ के जरिए समय की अनवरत गति और जीवन की सच्चाई को गहराई के साथ प्रस्तुत किया।

पूरे कार्यक्रम का उत्कृष्ट संचालन स्वामी मुस्कुराके शैलेंद्र व्यास ने किया। उन्होंने अपने खास अंदाज और हास्य से भरपूर शैली से श्रोताओं को पूरे समय बांधे रखा। कार्यक्रम संयोजक आशीष नांदेचा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजन की रूपरेखा रखी। अंत में संस्था अध्यक्ष राजेश पटनी ने सभी कवियों, अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन मनोरंजन के साथ-साथ आपसी मेलजोल और सकारात्मक ऊर्जा का बेहतरीन उदाहरण बना।

## खबर एक नजर...

### पेड़ों के बिना जीवन अधूरा-अतहर आलम अंसारी

**उज्जैन।** पेड़ों के बिना मानव जीवन की कल्पना अधूरी है, क्योंकि पेड़ ही शुद्ध ऑक्सीजन का मुख्य स्रोत हैं। पर्यावरण संरक्षण के इसी उद्देश्य को लेकर जज्बा समर कैंप में पौध वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर अतहर आलम अंसारी ने कहा कि पेड़ों के बिना जीवन अधूरा है।

कार्यक्रम की प्रमुख विशेषता यह रही कि शाइस्ता जहीर खान ने घर के अनुपयोगी सामान का बेहतरीन सदुपयोग करते हुए ये पौधे तैयार किए थे, जिन्हें शिविर में वितरित किया गया। इस दौरान बच्चों ने भी मानव जीवन में पेड़ों की उपयोगिता और महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के संबंध में समीर उल हक और फरीद कुरेशी ने बताया कि इस अवसर पर सादिक खान, शेर खान और विभा मीणा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### शिक्षा और उद्यमिता ही समाज की प्रगति का आधार : विधायक बैरवा

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर के समीप स्थित एमपीटी हेरिटेज होटल महाराजवाड़ा में अखिल भारतीय बैरवा महासभा उज्जैन द्वारा एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। महापौर मुकेश टटवाल के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में बैरवा समाज के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मरमट और उनकी कार्यकारिणी का आत्मीय स्वागत व सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि शाहपुरा राजस्थान के विधायक लालाराम बैरवा थे, जबकि अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष राजेश जारवाल ने की। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक लालाराम बैरवा ने युवाओं से छोटी नौकरी की मानसिकता से बाहर निकलने की अपील की। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिदृश्य में शिक्षा के साथ-साथ उद्यमिता ही हमारी प्रगति की धुरी बनेगी। हमें व्यापार और व्यवसाय की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए।

# योगीराज 1008 स्वामी पुरसनाराम साहिब का दो दिवसीय वार्षिक मेला आज से

### 151 महिलाओं की कलश यात्रा के साथ होगा भव्य शुभारंभ

### अब्दालपुरा स्थित दरबार में तैयारियां पूर्ण, देश-विदेश से उमड़ेंगे श्रद्धालु, कटनी और इंदौर के संत भी करेंगे शिरकत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के अब्दालपुरा स्थित ब्राह्मण गली में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी योगीराज 1008 स्वामी पुरसनाराम साहिब साध हथूंगे वालों का दो दिवसीय वार्षिक मेला बुधवार से बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ शुरू हो रहा है। 108 साध रतूराम साहिब के स्मरण में यह आयोजन 29 और 30 अप्रैल को दरबार साध पुरसनाराम साहिब स्वामी पुरसनाराम धाम में होगा।

सेवक दीपक राजवानी ने बताया कि मेले में शामिल होने और जयपुर के साथ मुकेश जी का आशीर्वाद लेने के लिए देश-विदेश से सैकड़ों श्रद्धालु उज्जैन पधार चुके हैं। आयोजन की शुरुआत बुधवार सुबह 8 बजे जयपुर के साध मुकेश जी के सान्निध्य में कीर्तन और झंडा साहब की सेवा के साथ होगी। इसके पश्चात प्रातः 9 बजे 151 महिलाओं द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा अब्दालपुरा से शुरू होकर खजूर वाली मस्जिद, गीता कॉलोनी, झूलेलाल मंदिर और मोदी का चोपड़ा होते हुए लीलाशाह धाम सिंधी धर्मशाला पर संपन्न होगी। ढोल, बैंड-बाजे, घोड़े-बग्गी और डीजे के साथ निकलने वाली इस कलश यात्रा का नेतृत्व साध मुकेश जी करेंगे। वे पैदल चलते हुए भक्तजनों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे और शहर में जगह-जगह मंच बनाकर यात्रा का स्वागत किया जाएगा।

मेले के दोनों दिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। बुधवार, 29 अप्रैल को दोपहर 12 से 2 बजे तक भंडारा, शाम 7 से 9 बजे तक सांझा शेवा, रात 9 से 11 बजे तक पुनः भंडारा और रात 11 बजे से 2 बजे तक भजन-सत्संग होगा। इसी तरह गुरुवार, 30 अप्रैल को दोपहर 1 से 3 बजे तक भंडारा, शाम 7 से 9 बजे तक सांझा शेवा, रात 9 से 11 बजे तक भंडारा और रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक भजन-सत्संग चलेगा। शुक्रवार, 1 मई को सुबह 6 बजे दुआओं के पल्लव की रस्म के पश्चात मेले का विधिवत समापन किया जाएगा।

संत और मशहूर कलाकार बढ़ाएंगे मेले की शोभा

इस धार्मिक आयोजन में संत और मशहूर कलाकार उपस्थित रहकर मेले की शोभा बढ़ाएंगे। इनमें कटनी की बालक मंडली से भाई गोरधन एवं दिलीप उदासी और इंदौर से साध गुरुमुखदास सहित अन्य गुणी और ज्ञानीजन शामिल होंगे। भजन और सत्संग का आयोजन अब्दालपुरा स्थित स्वामी पुरसनाराम धाम दरबार के सामने होगा, जबकि भंडारे की व्यवस्था गीता कॉलोनी चोपड़ा स्थित स्वामी लीलाशाह धर्मशाला में की गई है।

इस वृहद आयोजन की व्यवस्था साध पुरसनाराम साहिब सेवा मंडल उज्जैन द्वारा की जा रही है। सेवा कार्यों का मुख्य रूप से निर्वहन दरबार साध पुरसनाराम साहिब के भाई नारायणदास, भाई पारूमल पताशे वाले तथा जयपुर के साध मुकेश जी द्वारा किया जाएगा।

# रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक से दिया महिला पर्यटकों की सुरक्षा और सम्मान का संदेश

### मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड और कार्ड संस्था की पहल, आरपीएफ स्टाफ का मिला विशेष सहयोग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड भोपाल के निर्भया कोष से पोषित सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च एंड डेवलपमेंट कार्ड संस्था द्वारा संचालित 'महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल' परियोजना के तहत शहर में निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में उज्जैन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर आईईसी गतिविधि के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस पूरे आयोजन में आरपीएफ के स्टाफ और अधिकारीगण का विशेष सहयोग रहा। परियोजना समन्वयक अमृता चतुर्वेदी ने बताया कि संस्था द्वारा उज्जैन के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर जाकर ऑटो चालक, दुकानदार, होटल संचालक और आमजनों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। नाटक के जरिए यह समझाइश दी जा रही है कि शहर में आने वाले पर्यटकों, विशेषकर महिला पर्यटकों का सम्मान करें। उनसे मनमाना किराया न वसूलें और झूठ बोलकर फूल-प्रसाद की टोकरी अधिक मूल्य पर न दें। ऐसा करने से शहर की छवि खराब होती है और पर्यटकों में नकारात्मक संदेश जाता है

# सेन समाज संगठन की मांग, कान्हा सेन को सौंपें केश शिल्पी बोर्ड की कमान

### उज्जैन सहित प्रदेशभर के पदाधिकारियों और समाजजनों ने दिया समर्थन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश सेन समाज संगठन ने समाज के सशक्त युवा नेता कान्हा सेन इंगोरिया को मध्य प्रदेश राज्य केश शिल्पी बोर्ड का अध्यक्ष बनाने की मांग की है। संगठन और भारतीय जनता पार्टी में विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके कान्हा सेन की नियुक्ति के लिए प्रदेशभर के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से पुरजोर अनुशंसा की है।

इस मांग का समर्थन करते हुए प्रदेश संरक्षक भरत भाटी उज्जैन, प्रदेश अध्यक्ष अशोक सोलंकी उन्हेल, युवा मोर्चा उज्जैन के जितेन्द्र सेन सारोला, प्रदेश सोशल मिडिया प्रभारी कुलदीप वर्मा उज्जैन, युवा प्रदेश अध्यक्ष बालकृष्ण वर्मा देवास, पार्षद राज वर्मा देवास, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल परमार देवास, नगर अध्यक्ष अनिल वर्मा देवास, वरिष्ठ जिलाध्यक्ष गणेश परिहार, बजरंग दल संयोजक दिलीप टांकवाल इंदौर, गौरी शंकर वर्मा आष्टा सीहोर, पवन सेन आष्टा, भाजपा नेता लखन परमार इंदौर और सुभाष भाटिया सांवेर ने मुख्यमंत्री से जल्द नियुक्ति की अपील की है।

इनके अलावा प्रदेश सचिव परमानंद पड़ियार धार, जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिसोदिया धार, डॉ. ओमप्रकाश परमार धार, जिलाध्यक्ष घनश्याम भाटी झाबुआ, प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप सेन झाबुआ, हरीश सेन मनावर, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता शम्भु सेन मंदसौर, राकेश सेन सम्राट मंदसौर, जिलाध्यक्ष बलराम राठौर मंदसौर, चंद्रप्रकाश भाटिया शाजापुर, प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष सोलंकी आगर, पार्षद जुगलकिशोर सुसनेर, जिलाध्यक्ष घनश्याम सेन शाजापुर, मणीशंकर वर्मा शाजापुर, सरपंच राकेश सेन शाजापुर, प्रदेश सचिव शैलेंद्र सेन राजगढ़, भाजपा पार्षद सोहनलाल जादव, जगदीश सेन डोडीया रतलाम, सुनील वर्मा नीमच, दिनेश परमार नीमच सहित समाज के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी कान्हा सेन को अध्यक्ष बनाए जाने का समर्थन किया है।

# नाटक मारे से नहीं मरेगा जब तक मनुष्य है नाट्य रहेगा : प्रो राधावल्लभ त्रिपाठी



### 'जब तक मनुष्य है, तब तक रहेगा रंगमंच', अभिनव रंगमंडल के संवाद में बोले पूर्व कुलपति प्रो. त्रिपाठी

### ब्रिटिश औपनिवेशिकता ने भारतीय सपने को किया धूमिल, उज्जैन है विराट नाट्यभूमि

### भारतीय रंगमंचः परंपरा और इतिहास विषय पर सुधीजनों के बीच हुआ गहन विमर्श

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नाटक को किसी भी हाल में खत्म नहीं किया जा सकता। जब तक इस पृथ्वी पर मनुष्य है, तब तक नाट्य रहेगा। यह बात जाने-माने संस्कृत-हिंदी साहित्यकार, शिक्षाविद और पूर्व कुलपति प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी ने सोमवार को अभिनव रंगमंडल की संवाद श्रृंखला में कही। वे ?भारतीय रंगमंचः परंपरा और इतिहास? विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं जनवादी लेखक संघ (जलेस) उज्जैन के अध्यक्ष प्रो. अरुण वर्मा ने की।

?प्रो. त्रिपाठी ने रंगमंच के उद्भव और विकास को सात चरणों में बांटकर इसके ऐतिहासिक और दार्शनिक पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संस्कृत में 'रंगमंच' के लिए 'नाट्य' शब्द है, जो साठ हजार साल प्राचीन और प्रयोग के लिहाज से नवीन वृक्ष है। भीमबेटका की गुफाओं के चित्र और जनजातियों के अनुभव कथन में नाट्य की स्मृतियां जीवंत हैं। महाकवि कालिदास ने भी शिव-पार्वती के विवाह में नाट्य का वर्णन किया है।

वेदों का जिक्र करते हुए प्रो. त्रिपाठी ने बेबाक टिप्पणी की कि ऋग्वेद में नाटकीय संवाद हैं। चूंकि कविताएं पौरुषेय (मानव रचित) होती हैं, इसलिए वेद अपौरुषेय कैसे हो सकते हैं? इन्हें हजारों सालों तक श्रुति और स्मरण से जीवित रखा गया। उन्होंने कहा कि एक जिंदा भाषा में गालियां भी होती हैं; संस्कृत में भी गालियां मिलती हैं और हमारे यहां विवाह में आज भी गालियां गाई जाती हैं। यज्ञ और नाट्य के संबंध पर उन्होंने कहा कि थियेटर रिचुअल (कर्मकांड) से उपजा है। सीमित अहंकार की आहुति देकर असीम हो जाना ही यज्ञ और नाट्य दोनों का मूल उद्देश्य है। अश्वमेध यज्ञ में 360 दिन तक आख्यान चलते थे। रामायण और महाभारत महा-आख्यान हैं। कुशीलव, ग्रंथिक और सूत आख्यान सुनाते थे। भरत मुनि के नाट्य विधान का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि उनके कुछ चालू शिष्यों ने शिल्पक किए, जिसके लिए उन्हें दंडित किया गया, लेकिन नाटक की अनिवार्यता के चलते कालांतर में उन्हें वापस बुला लिया गया।

### अनूठी पहल, बच्चों को लाठी, कराटे और मेडिटेशन के साथ किया जा रहा सशक्त

# उज्जैन में ग्रीष्मकालीन शस्त्र विद्या प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभः सनातन धर्म और आत्मरक्षा पर जोर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के युवाओं को शस्त्र विद्या में प्रशिक्षित करने और आत्मरक्षा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। परंपरागत लाठी खेल मंच, मध्य प्रदेश के अंतर्गत वामेश्वर महादेव, चेरी टेबल हॉस्पिटल के पीछे, गोल्डन ग्रुप गार्डन में एक ग्रीष्मकालीन शस्त्र विद्या प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का विधिवत शुभारंभ 24 अप्रैल को हुआ है। यह प्रशिक्षण शिविर 31 मई तक चलेगा।

समारोह का औपचारिक शुभारंभ नारी शक्ति बाल भारती व्यायामशाला अखाड़ा और एक्सीलेंट डिफेंस मार्शल आर्ट एकेडमी के अध्यक्ष गुड्डू ठाकुर द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने शिविर में भाग ले रहे बच्चों का



उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें इनाम भी बांटे। उद्घाटन अवसर पर मध्य प्रदेश के परंपरागत लाठी के इंचार्ज अरविंद जोशी विशेष रूप से मौजूद रहे।

शिविर का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के सिद्धांतों के साथ युवाओं को आत्मरक्षा करना सिखाना है। प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 8:00 से 9:30 बजे तक चलेगा, जिसमें कराटे, जूडो, खो-खो, कबड्डी, तलवार फाइट, लाठी फाइट, और मेडिटेशन जैसी विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस शिविर में 4 से 25 वर्ष तक के बालक-बालिकाएं और युवक-युवतियां बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। शिविर के शुभारंभ अवसर पर ही पहले दिन लगभग 25 से 35 बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रशिक्षण का बेहतरीन नेतृत्व नेशनल खिलाड़ी और ब्लैक बेल्ट कोच पूजा चौहान द्वारा किया जा रहा है। इस उत्कृष्ट आयोजन में वार्ड 9 की सपना साखला का विशेष सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। वहीं, आयोजन समिति के सदस्यों में दिलीप राठौर, राजेश खत्री, कुलदीप पंड्या, भूपेंद्र सोनी और प्रियंका मैडम शामिल हैं, जो इस शिविर के सुचारू संचालन में अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

कोच पूजा चौहान ने शहरवासियों से इस पहल से जुड़ने की अपील करते हुए अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बच्चों को इस शिविर का हिस्सा बनाएं। इससे बच्चे आत्मरक्षा के गुर सीखकर खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बना सकेंगे।

## खबर एक नज़र...

### हाथ-ठेला व फुटपाथ व्यापारियों ने शासन-प्रशासन से रोजगार शुरू कराने की मांग

**उज्जैन।** महाकाल क्षेत्र के आसपास वर्षों से व्यवसाय कर रहे हाथ-ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी अपनी मांग को लेकर 200 दिन से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं और शासन-प्रशासन से अपना रोजगार पुनः शुरू कराने की मांग की है। व्यापारियों ने नगर निगम कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे जब भी अपनी दुकानें लगाते हैं, बिना पूर्व सूचना और वैध प्रक्रिया के उन्हें हटाया जाता है तथा उनका सामान जब्त कर लिया जाता है। इससे छोटे व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि इस कार्रवाई के कारण उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है और परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। इस मामले को लेकर हाथ-ठेला एवं फुटपाथ व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें नियमानुसार दुकान लगाने की अनुमति दी जाए तथा जल्द से जल्द टीवीसी (टाउन वेंडिंग कमेटी) का गठन किया जाए। संघ अध्यक्ष कालूराम चौहान ने बताया कि छोटे व्यापारी पिछले 10 महीना से अपनी दुकान नहीं लग रहे हैं लेकिन अब तक नगर निगम द्वारा उन्हें व्यवसाय करने की अनुमति नहीं दी गई है।

# गायत्री शक्तिपीठ, 4 मई से लगेगा निःशुल्क ग्रीष्मकालीन शिविर, बच्चों को सिखाएंगे एआई और योग

## मासिक गोष्ठी में मिशन के समर्पित वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गायत्री शक्तिपीठ उज्जैन द्वारा युवाओं के लिए निःशुल्क ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। श्रृंखला का प्रथम शिविर सोमवार, 4 मई से प्रारंभ होगा। इसके साथ ही शक्तिपीठ पर आयोजित मासिक गोष्ठी में गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजनों का सम्मान किया गया तथा अप्रैल माह के जन्म और विवाह दिवस सामूहिक रूप से मनाए गए।

गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक जेपी यादव ने बताया कि शिविर में भाग लेने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं कक्षा निर्धारित की गई है। इस शिविर में प्रतिभागियों को एकाग्रता व परीक्षा में सफलता के लिए योगासन और ध्यान का अभ्यास कराया जाएगा। साथ ही व्यक्तित्व विकास, अध्ययन और कार्यों में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' (एआई) टूल्स के उपयोग की जानकारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य, श्रेष्ठ दिनचर्या, आंतरिक क्षमता विकास, समय व क्रोध प्रबंधन, गायत्री मंत्र की वैज्ञानिकता और जप के महत्व पर विस्तृत मार्गदर्शन मिलेगा। सीमित स्थानों वाले इस निःशुल्क शिविर के लिए प्रतिभागी मोबाइल नंबर 9425915947 पर अपना नाम, कक्षा और उम्र भेजकर पंजीयन करवा सकते हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि वे ग्रीष्मावकाश में बच्चों



को संस्कारित करने और अच्छी आदतें विकसित करने के लिए उन्हें शिविर में अवश्य भेजें।

मासिक गोष्ठी में मिशन के कार्यों में संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले वरिष्ठ परिजन कांतिलाल विश्वकर्मा, रामचंद्र देथेलिया और शिवनारायण नागदिया का व्यवस्थापक जेपी यादव द्वारा पुष्पहार, मंत्र दुपट्टा और सम्मान पत्र भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि हरिहर शर्मा का भी सम्मान हुआ। दिवंगत विशिष्ट परिजनों के स्मरण के क्रम में डॉ. रामरतन शर्मा के श्रेष्ठ कार्यों का पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया।

गोष्ठी में अप्रैल माह के विवाह और जन्म दिवस भी मनाए गए। जेपी यादव, साहिल और मुस्कान भावसार, सोनू सिंह और सुरभि कौरव तथा अनिल और साधना श्रीवास्तव की विवाह वर्षगांठ पर श्री लेवेजी द्वारा मंगलाष्टक के साथ वरमाला का क्रम संपन्न कराया गया। वहीं, ममता निगम, सतीश शर्मा, गायत्री परिवार के परिव्राजक शिवशंकर, आकाश भारद्वाज, तरुणा भारद्वाज, मनोहर लाल यादव, पुष्कर राज जोशी, सोनाली प्रजापति, पार्वती कैलाश चंद्र चौहान, स्नेहा पांचाल और डॉ. रक्षा पांचाल का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान गायत्री महामंत्र और महामृत्युंजय मंत्र से आहुतियां प्रदान की गईं तथा पुष्पवर्षा कर मंगलमय जीवन की कामना की गई। प्रभाकर सोनेने ने गुरु सत्ता की ओर से परिजनों को आशीर्वचन प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन सतीश शर्मा ने किया।

# चक्रतीर्थ श्मशान घाट पर 21 दिवसीय अष्टधूनी तपस्या का आयोजन आज से

## कार्यक्रम समापन के अवसर पर 20 मई को होगा विशाल भंडारा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शिप्रा नदी के समीप स्थित चक्रतीर्थ श्मशान घाट पर 21 दिवसीय धार्मिक आयोजन के अंतर्गत दुर्लभ एवं कठोर ह्लअष्टधूनी तपस्याह्न का आयोजन किया जा रहा है। यह तपस्या 29 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होकर 19 मई 2026 तक चलेगी, जबकि 20 मई को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन अघोर अखाड़ा एवं श्री सेनापति काल भैरव गौ सेवा संगठन, उज्जैन के तत्वावधान में संपन्न होगा। तपस्या खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी बिष्णु नाथ जी महाराज द्वारा की जाएगी, जो विश्व प्रसिद्ध तांत्रिक अघोरी बाबा श्री योगी बम बम नाथ जी महाराज के शिष्य हैं। योगी बिष्णु नाथ जी महाराज पिछले कई वर्षों से 12 वर्षीय अखंड खड़ेश्वरी अघोर तपस्या कर रहे हैं और निरंतर खड़े रहकर साधना में लीन हैं। संगठन राष्ट्रीय महामंत्री रवि चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि अष्टधूनी तपस्या सनातन धर्म में हठयोगी साधुओं द्वारा की जाने वाली अत्यंत कठिन अग्नि साधना मानी जाती है। इस तपस्या में साधक अपने चारों ओर आठ दिशाओं में अग्नि धूनी प्रज्वलित करते हैं, जबकि नौवां स्थान सूर्य देव को समर्पित माना जाता है। साधक भीषण गर्मी में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक अग्नि के मध्य बैठकर अथवा खड़े रहकर ध्यान एवं तपस्या करते हैं।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह साधना पंचतत्व अग्नि, जल, पृथ्वी, वायु और आकाश को साक्षी मानकर शरीर एवं मन को वश में करने, आत्म-साक्षात्कार तथा तांत्रिक सिद्धियों की प्राप्ति के उद्देश्य से की जाती है। जेठ माह की तीव्र गर्मी में की जाने वाली यह तपस्या अत्यंत कठिन मानी जाती है।

# पिछले 5 सालों में पहली बार इस वर्ष पारा 43 पर आया, न्यूनतम का पारा भी रेकार्ड तोडने को आतूर

## गर्मी के कारण आम जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गर्मी के कारण से दिन का अधिकतम तापमान ने पिछले 5 सालों का रेकार्ड ध्वस्त कर दिया है। रात का न्यूनतम तापमान भी रेकार्ड तोडने को आतूर दिखाई दे रहा है।पिछले 5 सालों बाद अब जाकर अप्रेल माह में अधिकतम तापमान 25 अप्रेल को 43 डिग्री दर्ज किया गया है। इधर न्यूनतम तापमान भी मंगलवार को 26 डिग्री दर्ज किया गया है जो अपने पुराने रेकार्ड 27.5 को तोडने को आतूर दिखाई दे रहा है।

इस बार गर्मी के कारण से आम जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। गर्मी अपने पुराने रेकार्ड को ध्वस्त करने को आतुर देखी जा रही है। गर्म हवाओं का दौर देर तक बन रहा है। इसके साथ ही सुबह से ही गर्मी का तेज असर देखा जा रहा है। इसके चलते व्यापार व्यवसाय



एवं अन्य गतिविधियां भी प्रभावित देखी जा रही है। तेज गर्मी का असर विवाह समारोह सहित अन्य गतिविधियों पर भी बराबर बना हुआ है।

शासकीय जीवाजी वेधशाला से जारी विज्ञप्ति के अनुसार मंगलवार को सुबह 3 डिग्री उछाल के न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया। इसकी अपेक्षा शाम को अधिकतम तापमान एक दिन पूर्व की अपेक्षा करीब डेढ डिग्री गिरावट के साथ 41.0 डिग्री दर्ज किया गया। सुबह आर्द्रता 51 एवं शाम को 21 प्रतिशत दर्ज की गई। हवा की गति सुबह 4 एवं शाम को 12 किलोमीटर दर्ज की गई।

मत्स्य पालन विभाग जिला उज्जैन ने निजी एवं समस्त मत्स्य पालकों को चेताते हुए बताया है कि अप्रैल 2026 में मध्य प्रदेश भीषण गर्मी और हीट वेव (लू) की चपेट में है, जिससे तापमान 45 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। अचानक से तापमान में परिवर्तन से भीषण गर्मी (हीट वेव) के दौरान तालाबों का तापमान बढ़ने और ऑक्सीजन कम होने से मछलियों के मरने का खतरा बढ़ जाता है। सहायक संचालक मत्स्य पालन के अनुसार इन परिस्थितियों में मछलियों को हीट स्ट्रोक से बचाने के लिए पालक गर्मियों में तालाब की नियमित निगरानी करें।यदि मछलियां पानी की सतह पर आकर सांस लेती हुई दिखें, तो यह ऑक्सीजन की कमी का संकेत है। तुरंत ताजे पानी का प्रवाह बढ़ाएं। मछलियों का खान-पान और गतिविधि का ध्यान रखें। दोपहर की कड़ी धूप में चारा न डालें। मछलियों को सुबह जल्दी (सूरज निकलने से पहले) या शाम को (सूर्यास्त के बाद) चारा दें, क्योंकि इस समय वे ऊपर आती हैं। तालाब में लगातार पानी भरते रहें, ताकि जलस्तर 5 से 6 फीट तक बना रहे। गहराई होने से पानी जल्दी गर्म नहीं होता। सुबह-शाम पास के सबमर्सिबल पंप या ट्यूबवेल से ताजा ठंडा पानी डालें, जिससे घुली हुई ऑक्सीजन की मात्रा बनी रहे।

**पिछले 5 वर्ष में ऐसा रहा अप्रेल-**

| वर्ष | अधिकतम | वर्ष | न्यूनतम |
|---|---|---|---|
| 29.04.21 | 42.0 | 24.04.21 | 23.0 |
| 09.04.22 | 42.2 | 21.04.22 | 27.5 |
| 18.04.23 | 40.0 | 26.04.23 | 25.0 |
| 18.04.24 | 40.5 | 19.04.24 | 24.0 |
| 18.04.25 | 42.8 | 29.04.25 | 27.0 |
| 25.04.26 | 43.0 | 28.04.26 | 26.0 |

स्त्रोत-शासकीय जीवाजी वेधशाला,उज्जैन। नोट- आंकडे डिग्री सेंटीग्रेड में है।

# उज्जैन में 1400 फ्लैट बनेंगे, विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष रवि सोलंकी ने संभाला पदभार

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एहर और छक्क्ह्रवर्ग को मिलेगा लाभ, सिंहस्थ 2028 की तैयारियों पर जोर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष रवि सोलंकी ने मंगलवार शाम पदभार ग्रहण किया। उनके साथ उपाध्यक्ष मुकेश यादव, रवि वर्मा और सदस्य विजय अग्रवाल, अमित श्रीवास्तव, रामचंद्र शर्मा (रामा गुरु), सुशीला जाटवा और दुर्गा बिलोटिया ने भी विधिवत जिम्मेदारी संभाली।

पदभार ग्रहण करने के बाद अध्यक्ष रवि सोलंकी ने पत्रकारों से चर्चा में कहा




कि शहर के विकास और आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारियां उनकी पहली प्राथमिकता रहेंगी। उन्होंने बताया कि सिंहस्थ महापर्व में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सड़क निर्माण सहित सभी जरूरी मूलभूत सुविधाएं समय पर और अच्छी गुणवत्ता के साथ पूरी की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को वे पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधुनिक शहर निर्माण के विजन के अनुसार उज्जैन को बेहतर और मजबूत आधारभूत सुविधाएं देने का प्रयास किया जाएगा।

अध्यक्ष सोलंकी ने जानकारी दी कि मास्टर प्लान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (एहर) और निम्न आय वर्ग (छक्क्ह्र) के लिए करीब 1400 फ्लैट जल्द बनाए जाएंगे। इससे शहर के गरीब और जरूरतमंद परिवारों को आवास की सुविधा मिलेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी विकास कार्य तय समय सीमा में पूरे किए जाएंगे, ताकि उज्जैन को एक सुव्यवस्थित और आधुनिक शहर के रूप में विकसित किया जा सके।

# उज्जैन में निजी स्कूल संचालकों का जिला महासम्मेलन 3 मई को

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अशासकीय शाला प्रतिनिधि संगठन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में उज्जैन जिले के समस्त निजी विद्यालय संचालकों एवं डायरेक्टर्स को आमंत्रित किया गया है।

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य आरटीई से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार करना है। प्रमुख बिंदुओं में आरटीई भुगतान समय पर सुनिश्चित करना, नोडल अधिकारी का समय पर निर्धारण तथा सत्यापन प्रक्रिया को त्वरित बनाना शामिल है।

इसके अलावा सत्र 2026झ्र27 में पुस्तकों से संबंधित पालकों द्वारा विद्यालयों के विरुद्ध की जा रही शिकायतों के संदर्भ में रणनीति बनाई जाएगी। साथ ही, 5 वर्ष या उससे अधिक समय से संचालित विद्यालयों की स्थायी मान्यता हेतु भी कार्ययोजना पर विचार किया जाएगा। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यालयों के प्रभावी संचालन के विषय में भी विस्तृत चर्चा की जाएगी। यह जिला महासम्मेलन दिनांक 3 मई 2026 (रविवार) को प्रातः 11:00 बजे बैंकटेश (इस्कॉन) मंदिर, उज्जैन में आयोजित होगा। अशासकीय शाला प्रतिनिधि संगठन के संस्था प्रधान सुरेंद्र मोहन अग्रवाल, विक्रम सिंह राठौर, मनीष भारद्वाज, अमित मेहता, महेंद्र पाटीदार, भारत सिंह चौधरी ने सभी निजी विद्यालय संचालकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।

## खबर एक नज़र...

### माहेश्वरी समाज के चुनाव संपन्न, अजमेरा अध्यक्ष व राठी सचिव चुने गए

**सनावद।** समाज के उत्थान एवं विकास के लिए माहेश्वरी समाज की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।मुरली मनोहर मंदिर में सोमवार रात्रि को हुई बैठक में सर्वसम्मति से शिरीष अजमेरा को अध्यक्ष एवं मधुसूदन राठी को सचिव चुना गया। चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए।नवनिर्वाचित अध्यक्ष शिरीष अजमेरा ने बताया कि समाज में निर्विरोध चुनाव की परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है। वर्ष 2026 से 2029 तक तीन वर्षों के लिए यह कार्यकारिणी गठित की गई है। आगामी समय में समाज द्वारा अनेक धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जो समाज को नई दिशा देंगे। नवीन कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष गोविन्द जाखेटिया ,सहसचिव आदित्य चोखड़ा ,कोषाध्यक्ष अनिल पलोड ,प्रचार मंत्री आयुष परवाल,संगठन मंत्री जितेश गट्टानी ,खेल मंत्री अंकित मुंदड़ा नवीन कार्यकारिणी के गठन पर सभी समाजजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

### नेपानगर में ऊर्जा संकट गहराया, पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें

नेपानगर। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव से गहराए ऊर्जा संकट का असर नेपानगर में दिखने लगा है। पिछले कई दिनों से नेपानगर के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल-डीजल लेने के लिए लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। नेपानगर और आसपास के क्षेत्र के निजी पेट्रोल पंपों का काम ठप होने के चलते आम जनता को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में एकमात्र नेपा मिल के पेट्रोल पंप के भरोसे ईंधन की आपूर्ति हो रही है। पेट्रोल पंप पर दुपहिया वाहन चालकों को अधिकतम 200 रुपए एवं चारपहिया वाहन चालकों को अधिकतम 500 रुपए का ही ईंधन दिया जा रहा है। साथ ही रात 10 बजे के बाद पेट्रोल पंप पर क्यूआर और यूपीआई से भुगतान बंद कर दिया गया है।

### ग्राम भोमवाड़ा में सरपंच प्रतिनिधि और सचिव पर लोकायुक्त की कार्रवाई

**सनावद।** मामला सनावद के समीप बसे ग्राम भोमवाड़ा पंचायत का है जहाँ के सरपंच प्रतिनिधि और सचिव को लोकायुक्त की टीम ने आवास योजना के नाम रिश्वत लेते समय रंगे हाथ गिरफ्तार किया है ह आपको बता दे कि फरियादी कविता पति गजेंद्र यादव का आवास योजना में नाम दो वर्ष पूर्व आया था उनकी आवास योजना की राशि आवंटन को लेकर पंचायत सचिव जितेंद्र पवार और सरपंच प्रतिनिधि चिंताराम के द्वारा पचास हजार रुपये की मांग की गई थी किन्तु इसका बीच का हल निकाल कर मामला बीस हजार मे तय हुआ था फरियादी द्वारा दस हजार की राशि उनके खाते में देने के बाद भी उनकी आवास राशि जारी नहीं की गई और तय राशि देने के बाद आवंटन की बात कही गई जिसे लेकर कविता बाई के द्वारा लोकायुक्त में इस मामले की शिकायत दर्ज करायी गई थी आज तय शुदा जगह पर कविता बाई को सचिव और सरपंच प्रतिनिधि के द्वारा बाकी राशि लेकर बुलाया गया था जिसमें लोकायुक्त के डीएसपी आनन्द चौहान के निर्देशन मे टीम ने कार्यवाही करते हुऐ आठ हजार रुपये का लेनदेन करते समय दोनों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

### स्वास्थ्य कर्मचारी वेतन नहीं मिलने पर आंदोलन करेंगे

**नीमच ।** मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के करीब ३० हजार आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों ने चार मई से चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले पांच से छह महीनों से उन्हें नियमित वेतन नहीं मिला है, जिससे आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि अल्प वेतन के साथ-साथ वेतन विसंगतियां, एनपीएस, स्वास्थ्य बीमा, अवकाश और महंगाई भत्ते जैसे अधिकारों से भी उन्हें वंचित रखा जा रहा है। लगातार अनियमित भुगतान के कारण परिवार चलाना मुश्किल हो गया है।

# छुरे से गला काटकर पति की हत्या करने वाली पत्नी को आजीवन कारावास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

न्यायालय , द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, मनासा, जिला-नीमच द्वारा लोहे के हथौड़े व धारदार छुरे से गला काटकर पति की हत्या करने वाली आरोपीया पत्नी ममता पति तूफान बंजारा, उम्र-25 वर्ष, निवासी-ग्राम आमद, तहसील मनासा, जिला नीमच को धारा 302 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत आजीवन कारावास एवं दो हजाररुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 6 वर्ष पूर्व दिनांक 22.09.2020 की दिन के लगभग 11-12 बजे ग्राम आमद की हैं। घटना दिनांक को थाना कुकड़ेश्वर पर फोन पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम आमद में किसी व्यक्ति की हत्या हो गयी है, जिस पर से एसआई निलेश सौलंकी घटना स्थल पर पँहुचे, जहाँ पता चला कि तुफान बंजारा को उसके घर में किसी ने गला काट कर हत्या कर दी हैं।

घटना पर से अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा प्रकरण की विवेचना निरीक्षक कैलाशचंन्द्र चौहान द्वारा की गई। विवेचना के दौरान ज्ञात हुवा कि मृतक तूफान बंजारा की पहली शादी टूट गयी थी व उसका नातरा विवाह आरोपीया ममता बंजारा से हुआ था, जो मृतक के साथ ही ग्राम आमद में अपने ससुराल कुछ दिन तक अच्छे से रही थी। मृतक के घरवालों को बाद में पता चला था कि ममता की पहले भी ग्राम चूकनी में शादी हो चुकी थी, जहां वह अपने 6 माह के बच्चे को छोड़कर अपने घर ढंढेरी वापस आ गयी थी और गांव के ही एक व्यक्ति के साथ भाग गयी थी व उसी से उसके 7-8 वर्षो से प्रेम संबंध थे और घरवालों ने उसकी जबरन मृतक से शादी कर दी थी।

इसी कारण घटना दिनांक को जब मृतक के परिवार के लोग मजदूरी पर गये थे व जब मृतक सो रहा था, उसी समय आरोपीया ममता ने मृतक के सिर पर हथौड़ी की मारी तथा धारदार छुरी से उसका गला काटकर हत्या हत्या कर दी थी। विवेचना के दौरान आरोपीया को गिरफ्तार किया गया, मृतीका व उसके प्रेमी के कॉल रिकार्ड की साक्ष्य एकत्र की गई तथा अन्य आवश्यक वैज्ञानिक साक्ष्य को एकत्र कर विवेचना पूर्ण कर अभियोग-पत्र मनासा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

विचारण के दौरान अपर लोक अभियोजक गुलाबसिंह चंद्रावत द्वारा सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराये गये व आरोपीया व अन्य संबंधीत व्यक्तियों की कॉल डिटेल की साक्ष्य व अन्य वैज्ञानिक साक्ष्य को प्रस्तुत कर आरोपीया विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे उसको कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा अपराध की गंभीरता को देखते हुवे आरोपीया को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक गुलाबसिंह चंद्रावत द्वारा की गई।

## संगठन हेतु बलवंत भाटी सहित पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री श्री बलवंत भाटी ने भोपाल में आयोजित मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में सहभागिता की। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों एवं रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान श्री बलवंत भाटी द्वारा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री पवन पाटीदार एवं संयुक्त मोर्चा प्रभारी मनोरंजन मिश्रा का पगड़ी व दुपट्टा पहनाकर पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। बैठक के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष श्री पवन पाटीदार सहित पूरी टीम ने मध्यप्रदेश विधान सभा पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर टीम द्वारा उनका स्वागत कर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया गया। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने सभी पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियों के लिए बधाई देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए समर्पित भाव से कार्य करें और प्रदेश में पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। श्री बलवंत भाटी ने कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को वे पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ निभाते हुए पिछड़ा वर्ग समाज के हितों के लिए निरंतर कार्य करेंगे। बैठक एवं भेंट कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने के संकल्प के साथ आगे बढ़ने का भरोसा जताया।

## अग्निवीर सैनिक संदीप जमरा को पुष्पांजलि अर्पित की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ टांडा(धार)

2024 में अग्निवीर के रूप में भारतीय सेना में भर्ती हुए बाग विकासखंड के ग्राम जामला निवासी सैनिक संदीप जमरा का छुट्टियां स्वीकृत होने बाद घर लौटते वक्त दिल्ली मे आकस्मिक निधन हो गया। मंगलवार को इनका पार्थिव देह सेना के जवानों के माध्यम से सम्मानपूर्वक पैतृक गांव पहुचा। पार्थिव देह को एम्बुलेंस के



जरिए टांडा लाया गया यहां खेल मैदान के समीप श्रद्धांजलि देने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। यहां नजदीक सेना के कैंपस महू से जवान पहले से उपस्थित थे। जवानों के द्वारा पार्थिव देह को एम्बुलेंस से ससम्मान के साथ उतार कर सेना के खुले वाहन मे रखा गया। जिसके पश्चात जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेहड़ा,मंडल अध्यक्ष अमर सिंह सोलंकी,जनजाति विकास मंच जिला अध्यक्ष अरविंद डावर, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य पारस जैन,गोपाल प्रजापत सर, जिला कार्यालय सह मंत्री प्रदीप गादीया,अवदेश सचान,जनपद सदस्य करम सिंह मोरी के द्वारा तिरंगा उड़ाकर पार्थिव शरीर को सम्मानित किया गया तथा साथ ही सेकड़ो ग्रामीणों ने भारत माता की जय घोष के साथ पुष्पाजंलि अर्पित की। ढोल मांदल एवं डीजे पर देश भक्ति की धुन के साथ नगर के मुख्य मार्ग से सम्मान यात्रा निकाली गई। रास्ते मे जगह -जगह पुष्प अर्पित किए गए। सैनिक संदीप जमरा का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव जामला में किया गया।

### रघुवंशी को इंदौर ग्रामीण का जिला प्रभारी नियुक्त

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर कांग्रेस के नेता पूर्व जिलाध्यक्ष अजयसिंह रघुवंशी को प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला इंदौर ग्रामीण का प्रभारी नियुक्त किया गया। रघुवंशी की इस नियुक्ति से जिले के कांग्रेसजनों में हर्ष व्याप्त है। रघुवंशी के जिला प्रभारी बनने पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। जिले के कांग्रेसजन विनोद मोरे, महेंद्र सुरवाडे, आसिफ भाई, आरिफ भाई, शाहिद बन्दा, सहित आदि ने उन्हें बधाई प्रेषित की।

## सांसद के प्रयासों से खंडवा को मिली अमृत भारत एक्सप्रेस की सौगात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

जिले को रेल सुविधाओं के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के प्रयासों से खंडवा स्टेशन को अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का लाभ मिला है, जो बनारस से पुणे के बीच संचालित होगी। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस नई ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इसके बाद यह ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग पर चलेगी और खंडवा स्टेशन पर भी ठहराव करेगी।

बुधवार को दोपहर 12.15 बजे अमृत भारत एक्सप्रेस के खंडवा पहुंचने पर स्टेशन पर प्रथम आगमन के अवसर पर स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि रेल सुविधाओं को लेकर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल लगातार सक्रिय रहे हैं रेल मंत्री से बार-बार मुलाकात के कारण कई सौगात संसदीय क्षेत्र को रेल सेवाओं के लिए प्राप्त हुई है। कई ट्रेन है जो खंडवा बिना रुके गुजरती थी उनका स्टापेज सांसद श्री पाटिल के प्रयासों से हुआ हैं। खंडवा स्टेशन के सौंदर्यीकरण को लेकर एक बड़ी सफलता भी सांसद श्री पाटिल के प्रयासों से देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा प्रदान की गई है, इसके माध्यम से साढे 350 करोड रुपए की लागत से नया आधुनिक स्टेशन तैयार होगा, इसकी टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी हैं। प्रवक्ता सुनील जैन एवं रेल सलाहकार समिति सदस्य मनोज सोनी ने बताया कि पुणे, बनारस जाने के लिए ट्रेनों में कम थी बड़ी संख्या में खंडवा और आसपास के विद्यार्थी मैं पढ़ाई करते हैं उन्हें आने जाने के लिए काफी दिक्कत होती थी लेकिन अमृत भारत एक्सप्रेस का लाभ प्रतिदिन मिलने के कारण समस्या का निदान हुआ है।

बुधवार को कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, रेलवे अधिकारियों एवं नागरिकों की उपस्थिति रहने की संभावना है। साथ ही मीडिया प्रतिनिधियों को भी इस अवसर पर आमंत्रित किया गया है। प्रवक्ता सुनील जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह ट्रेन खंडवा सहित क्षेत्र के यात्रियों के लिए सुविधाजनक साबित

### धूमधाम से मनाया मोमाई माता स्थापना दिवस

खरगोन। पाल क्षत्रिय गड़रिया समाज की कुल देवी मां मोमाई माता स्थापना दिवस आज बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। प्रातः ९:०० बजे पाल क्षत्रिय गडरिया समाज की मांग पर नगर पालिका परिषद खरगोन द्वारा नव निर्मित द्वारा का लोकार्पण वार्ड पार्षद गायत्री चंदेल व समाज जनों ने किया। जिसके बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व समाज जन उपस्थित थे। शोभायात्रा का सगरवंशी माली समाज दांगी समाज, रघुवंशी समाज, मारू समाज, कहार समाज, चंदेल परिवार, कछवाय परिवार जयसवाल परिवार गणेश उत्सव पीपल अवार सौम्या हार्डवेयर सकल हिंदू समाज, सहित अनेक सामाजिक संगठन के द्वारा सेवा स्टाल वह पुष्प वर्षा का शोभा यात्रा का स्वागत किया गया।

## समर्पण की मिसाल- राजपूत समाज धर्मशाला निर्माण हेतु 51 हजार रुपये भेंट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर

ग्राम धरगांव में आयोजित एक भावुक एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़ा अन्नदान कार्यक्रम सेवा, सहयोग और समाज के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सामने आया। यह आयोजन राजपूत समाज के वरिष्ठ समाजसेवी मांगीलाल सिंह पटेल के सुपुत्र स्वर्गीय विमल सिंह पटेल की स्मृति में रखा गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में श्रद्धांजलि सभा के साथ अन्नदान का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों लोगों ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के दौरान स्वर्गीय विमल सिंह पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके पिता मांगीलाल सिंह पटेल ने समाजहित में उदार योगदान देते हुए राजपूत समाज धर्मशाला निर्माण के लिए 51 हजार की राशि भेंट की। इसके साथ ही उन्होंने धार्मिक आस्था और जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए रेणुका माता जी मंदिर (ससाबड़) के लिए 5100 तथा ग्राम के गणगौर घाट पर निर्माणधीन लाल बाई फूल बाई मंदिर हेतु 5100 की राशि भी प्रदान की।यह राशि क्रमशः राजपूत समाज अध्यक्ष सबल सिंह पटेल, क्षत्रिय राजपूत समाज धर्मशाला के सचिव ठाकुर योगेंद्र सिंह मंडलोई एवं रेणुका माता मंदिर के अध्यक्ष सुनील सिंह सोलंकी को सौंपी गई।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने मांगीलाल सिंह पटेल के इस योगदान की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी कदम बताया।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के सहयोग से न केवल धार्मिक एवं सामाजिक स्थलों का विकास होता है, बल्कि समाज में एकता, सहयोग और सेवा की भावना भी सुदृढ़ होती है। उन्होंने स्वर्गीय विमल सिंह पटेल के सामाजिक एवं मिलनसार स्वभाव को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

अन्नदान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्वर्गीय आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।इस मौके पर खुमान सिंह पटेल (पथराड़), रणजीत सिंह मंडलोई, उदय सिंह पटेल, कमलेश सिंह पटेल, अखिलेश सिंह पटेल, जीवन सिंह पटेल, अमृत सिंह पटेल, डोंगर सिंह पटेल सहित समाज के अनेक गणमान्यजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना एवं आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।



# एक्टर भरत कपूर का 80 साल की उम्र में निधन

## नूरी', 'गुलामी' और 'खुदा गवाह' जैसी फिल्मों में नजर आए थे

एक्टर भरत कपूर का सोमवार को निधन हो गया। 80 साल की उम्र में उन्होंने मुंबई में अपने घर पर अंतिम सांस ली। उन्होंने लगभग चार दशकों के करियर में अमिताभ बच्चन स्टारर आखिरी रास्ता और खुदा गवाह समेत 200 से अधिक फिल्मों में काम किया था। उन्होंने नूरी, आखिरी रास्ता, बाजार, इनकार, राम बलराम जैसी फिल्मों में नेगेटिव रोल निभाए थे।

रिपोर्ट के अनुसार भरत कपूर का निधन मल्टीपल ऑर्गन फेलियर के कारण हुआ। एक्टर अवतार गिल ने न्यूज एजेंसी अठकसे भरत कपूर के निधन की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि भरत कपूर पिछले दो-तीन दिनों से बीमार थे। वह घर पर ही थे और सोमवार दोपहर करीब 3 बजे उनका निधन हुआ। अवतार गिल ने कहा कि उन्हें शाम करीब 4 से 4:30 बजे भरत कपूर के बेटे का फोन आया था। उन्होंने यह भी बताया कि भरत कपूर ने काफी समय पहले काम करना बंद कर दिया था। कल शाम को परिवार के सदस्यों और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार किया गया।


**नूरी जैसी कई फिल्मों में काम किया-** भरत कपूर ने 1972 में अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने कई हिंदी फिल्मों में काम किया, जिनमें नूरी (1979), राम बलराम (1980), लव स्टोरी (1981), बाजार (1982), गुलामी (1985), आखिरी रास्ता (1986), सत्यमेव जयते (1987), स्वर्ग (1990), खुदा गवाह (1992) और रंग (1993) शामिल हैं।

**भरत कपूर टीवी शो में भी नजर आए-** भरत कपूर ने बरसात (1995), साजन चले ससुराल (1996) और मीनाक्षीः अ टेल ऑफ थ्री सिटीज (2004) जैसी फिल्मों में भी काम किया। वहीं, फिल्मों के अलावा उन्होंने टेलीविजन में भी काम किया। वह कैम्पस, परंपरा, राहत, सांस, अमानत, तारा, चुनौती और कहानी चंद्रकांता की जैसे शो में नजर आए।

### छोटे शहर से हॉलीवुड तक सफर, भोपाल में शूट, नए टैलेंट को मिलेगा बड़ा मौका

# मेरी कहानी ही इस फिल्म की ताकतः स्वेता राय






हॉलीवुड और बॉलीवुड के बीच की दूरी को कम करने के उद्देश्य से बन रही फिल्म फ्रॉम बॉलीवुड टू हॉलीवुड इन दिनों चर्चा में है। इस प्रोजेक्ट से जुड़ी अभिनेत्री-प्रोड्यूसर स्वेता राय ने बातचीत में फिल्म के कॉन्सेप्ट, कास्टिंग, लोकेशंस और अपने व्यक्तिगत संघर्षों पर खुलकर बात की।

फिल्म एक साधारण लड़की के संघर्ष और उसके हॉलीवुड तक पहुंचने की प्रेरणादायक कहानी है, जिसमें भारतीय संस्कृति की झलक भी दिखाई देगी। खास बात यह है कि इस फिल्म के जरिए मध्य प्रदेश, खासकर भोपाल की खूबसूरती को वैश्विक मंच पर पेश करने की तैयारी की जा रही है, साथ ही नए टैलेंट को भी बड़ा अवसर मिलेगा।

यह एक हॉलीवुड फीचर फिल्म है, जिसकी लगभग 25 प्रतिशत शूटिंग मध्य प्रदेश में की जाएगी। कहानी एक लोअर मिडिल क्लास लड़की के संघर्ष और उसके हॉलीवुड तक के सफर पर आधारित है। यह कहीं न कहीं मेरी निजी जिंदगी और छोटे शहर से निकलकर पिछले 10 वर्षों में हॉलीवुड में फिल्में प्रोड्यूस करने के अनुभवों से प्रेरित है। इस प्रोजेक्ट में गोल्डन ग्लोब नॉमिनेटेड हॉलीवुड



एक्टर्स और बॉलीवुड के जाने-माने कलाकार साथ नजर आएंगे। हमारा उद्देश्य भारतीय संस्कृति, खासकर भोपाल की लोकेशंस और कला को ग्लोबल स्तर पर प्रमोट करना है। हमारी टीम में हॉलीवुड के अनुभवी लोग शामिल हैं, जैसे सिनेमैटोग्राफर डेरेक बाउर, जिन्होंने 80 से अधिक हॉलीवुड फिल्मों में काम किया है। हॉलीवुड के बड़े नामों के साथ हमारा एनडीए एग्रीमेंट है, इसलिए उनकी टीम की अनुमति के बिना अभी नाम साझा करना संभव नहीं है। हालांकि कुछ जानकारी क्व्टुऊ पर उपलब्ध है। बॉलीवुड की बात करें तो समीर सोनी इस फिल्म का हिस्सा हैं। एक्ट्रेस के तौर पर मनीषा कोइराला और नीलम से बातचीत चल रही है, जिनमें से कोई एक माता-पिता की भूमिका में नजर आएगा।



# युजवेंद्र चहल की प्रीति जिंटा से ओपनिंग बैटिंग की डिमांड

## पंजाब किंग्स की को-ऑनर बोलीं- आईपीएल खत्म होने पर कर लेना

आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स के शानदार प्रदर्शन के बीच, स्पिनर युजवेंद्र चहल ने टीम की को-ओनर प्रीति जिंटा से एक मैच में ओपनिंग करने की मांग की, जिसका प्रीति ने मजेदार जवाब दिया।

श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पंजाब किंग्स का प्रदर्शन इस सीजन में शानदार रहा है। टीम ने अब तक 7 मैचों में 6 जीत दर्ज की है, जबकि एक मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया।

टीम पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है। हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टीम ने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज भी पूरा किया। टीम के लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद, प्रीति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फैंस से सवाल पूछने को कहा, जिस पर चहल ने लिखा, मैम, एक मैच में बैटिंग ओपनिंग करने का मौका मिल जाए तो। इस पर प्रीति ने जवाब दिया, जरूर यूजी। तुम्हारे लिए कुछ भी। आईपीएल खत्म होने दो, तुम्हें जो भी मैच पसंद हो। मुझे यकीन है कि प्रभसिमरन और प्रियांश को इससे कोई आपत्ति नहीं होगी।

### प्रभसिमरन और प्रियांश शानदार फॉर्म में

पंजाब की मौजूदा सलामी जोड़ी प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य बेहतरीन फॉर्म में है। दोनों ने टीम को मजबूत शुरूआत दी। इस सीजन में इस जोड़ी ने 57.4 की औसत और 192.61 की स्ट्राइक रेट के साथ रन बनाए हैं। प्रियांश अब तक 254 रन बना चुके हैं, जबकि प्रभसिमरन ने 7 मैचों की 6 पारियों में 192.62 की स्ट्राइक रेट से 287 रन बनाए हैं। पंजाब किंग्स आईपीएल इतिहास की पहली ऐसी टीम बन गई है, जिसने एक सीजन के शुरूआती 7 मैचों में अपनी प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया।



# संजय दत्त ने अश्लील गाने पर माफी मांगी

## महिला आयोग से बोले- लिरिक्स का पता नहीं था, 50 आदिवासी बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाएंगे



कन्नड़ फिल्म के गाने 'सरके चुनर तेरी सरके' में अश्लीलता को लेकर संजय दत्त ने माफी मांगी है। 27 अप्रैल को एक्टर राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने पेश हुए। संजय ने गाने के बोल और प्रेजेंटेशन के लिए बिना शर्त माफी मांगी।

दरअसल आयोग ने गाने में अश्लीलता और महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक कंटेंट को लेकर नोरा फतेही और संजय दत्त समेत फिल्म की टीम को समन भेजा था।

**लिरिक्स की जानकारी नहीं थीः** संजय दत्त सोमवार दोपहर संजय दत्त अपने वकील के साथ दिल्ली स्थित महिला आयोग के ऑफिस पहुंचे।

पेशी के बाद उनके वकील ने बताया, संजय दत्त महिलाओं और महिला आयोग का बहुत सम्मान करते हैं। उन्होंने आयोग को बताया कि जब यह गाना रिकॉर्ड हुआ था, तब वह किसी और भाषा में था, इसलिए उन्हें इसके हिंदी लिरिक्स की गहराई का पता नहीं था। इसके बावजूद उन्होंने अपनी ओर से माफी मांगी है।

**50 बच्चों की शिक्षा का लिया जिम्मा**

संजय दत्त ने न केवल माफी मांगी, बल्कि स्वेच्छा से सामाजिक कदम उठाने का भी प्रस्ताव रखा। एक्टर ने घोषणा की है कि वे आदिवासी समुदाय के 50 बच्चों की शिक्षा का पूरा खर्च उठाएंगे। उनके वकील ने स्पष्ट किया कि संजय दत्त ने यह फैसला समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए लिया है। आयोग ने एक्टर के इस कदम को रिकॉर्ड पर लिया है।

**एनसीडब्लयू ने लिया था स्वतः** संज्ञान पिछले महीने महिला आयोग ने मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर इस गाने पर स्वतः संज्ञान लिया था। आयोग का कहना था कि गाने के बोल और कोरियोग्राफी पहली नजर में यौन संकेत देने वाले और आपत्तिजनक हैं। आयोग ने इसे भारतीय न्याय संहिता, आईटी एक्ट और पोक्सो एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन माना था। विवाद बढ़ने के बाद यूट्यूब से इस गाने के लिरिकल वीडियो को हटा दिया गया है।

**क्या है पूरा मामला? विवाद फिल्म 'केडीः** द डेविल' के गाने 'सरके चुनर तेरी सरके' से शुरू हुआ, जिसमें नोरा फतेही और संजय दत्त हैं। गाने की शुरूआती लाइनों में 'डबल मीनिंग' शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। हालांकि बाद में गाने में यह दिखाया गया कि वे शब्द शराब की बोतल के लिए थे, लेकिन तब तक इसका कड़ा विरोध शुरू हो गया। नोरा फतेही ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर साफ किया था कि वे ऐसे कंटेंट का समर्थन नहीं करती हैं।

### राजस्थान का आईपीएल में तीसरा सबसे बड़ा रनचेज, फरेरा का 105 मीटर लंबा सिक्स

# पंजाब डिफेंड करते हुए सबसे ज्यादा बार हारा

**ब्रह्मास्त्र ›› न्यू चंडीगढ़**

राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2026 के 40वें मैच में पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया। इस हार के साथ पंजाब आईपीएल में 200+ रन डिफेंड करते हुए सबसे ज्यादा बार हारने वाली टीम बन गई। राजस्थान ने अपना तीसरा सबसे बड़ा रनचेज किया। डोनोवन फरेरा ने 105 मीटर लंबा सिक्स लगाया।




- **चेज करते हुए राजस्थान रॉयल्स की सबसे बड़ी जीत-** राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 223 रन का टारगेट चेज किया। यह आईपीएल में चेज करते हुए टीम की तीसरी सबसे बड़ी जीत है। राजस्थान ने 2020 में शारजाह में पंजाब के खिलाफ ही 224 रन का सबसे बड़ा टारगेट चेज किया था। दूसरे नंबर पर 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मिली जीत है।
- **200+ रन डिफेंड करते हुए पंजाब सबसे ज्यादा हारा-** क्ढछ में 200 या उससे ज्यादा रन डिफेंड करते हुए सबसे ज्यादा हार झेलने का रिकॉर्ड पंजाब किंग्स के नाम है, टीम को ऐसे मैचों में 8 बार हार मिली है। दूसरे स्थान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु है, जिसने 7 बार 200+ स्कोर डिफेंड करते हुए मैच गंवाया है।
- **प्रभसिमरन पंजाब के लिए तीसरे सबसे ज्यादा अर्धशतक वाले बैटर-** प्रभसिमरन सिंह पंजाब के लिए सबसे ज्यादा फिफ्टी लगाने के मामले में तीसरे स्थान पर हैं। उनके नाम 12 अर्धशतक हैं। इस सूची में पहले स्थान पर केएल राहुल (25) और दूसरे स्थान पर शॉन मार्श (21) हैं।
- **आर्चर ने रबाडा की बराबरी की-** आईपीएल 2026 में पावरप्ले के दौरान सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में जोफ्रा आर्चर और कगिसो रबाडा संयुक्त रूप से पहले स्थान पर हैं। दोनों के नाम 9-9 विकेट हैं। दूसरे स्थान पर भुवनेश्वर कुमार (7 विकेट) हैं, जबकि तीसरे स्थान पर मोहम्मद शमी (6 विकेट) मौजूद हैं।
- **अर्शदीप ने पंजाब के लिए दूसरा सबसे महंगा स्पेल फेंका-** अर्शदीप सिंह पंजाब के लिए एक मैच में सबसे ज्यादा रन देने वाले दूसरे बॉल बन गए। उन्होंने 4 ओवर के स्पेल में 68 रन देकर एक विकेट लिया। पहले नंबर पर जेवियर बार्टलेट हैं, जिन्होंने इसी सीजन दिल्ली के खिलाफ 1/69 का स्पेल स्पेल फेंका था।
- **इस सीजन 9 बार 200+ रनचेज हुए-** आईपीएल 2026 में 200+ रन के सफल चेज की संख्या 9 पहुंच चुकी है, जो 2025 के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर है। दूसरे स्थान पर 2023 सीजन (8 बार) और तीसरे स्थान पर 2024 सीजन (6 बार) है।
- **जायसवाल की 20वीं आईपीएल फिफ्टी-** यशस्वी जायसवाल ने अपनी फिफ्टी के साथ राजस्थान रॉयल्स के लिए 50+ स्कोर की लिस्ट में तीसरा स्थान बरकरार रखा है। उनके नाम 20 फिफ्टी हो गई हैं। इस सूची में पहले स्थान पर जोस बटलर और संजू सैमसन हैं। दोनों के नाम 25-25 हाफ सेंचुरी हैं, जबकि दूसरे स्थान पर अजिंक्य रहाणे (19) हैं।
- **चेज करते हुए राजस्थान रॉयल्स की सबसे बड़ी जीत-** राजस्थान ने पंजाब के खिलाफ 223 रन का टारगेट चेज किया। राजस्थान ने 6वीं बार आईपीएल में 200+ रन चेज किया। पहले नंबर पर पंजाब हैं, टीम ने 10 बार यह कारनामा किया है।
- **पंजाब ने पहली बार प्लेइंग-12 में बदलाव किया-** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पंजाब किंग्स ने अपनी टीम में 2 बदलाव किए। टीम ने शशांक सिंह और जेवियर बार्टलेट की जगह सूर्यांश शेडगे और लॉकी फर्ग्यूसन को खिलाया। यह इस सीजन पहली बार है, जब पंजाब किंग्स ने प्लेइंग क्क में बदलाव किया है। इसके पहले सभी 7 मैचों में टीम एक ही कॉम्बिनेशन के साथ मैदान में उतरी थी।
- **कैच छूटने की अगली बॉल पर आउट हुए प्रियांश-** पहली पारी के तीसरे ओवर में जोफ्रा आर्चर ने पंजाब किंग्स के बल्लेबाज प्रियांश आर्या को खूब परेशान किया। ओवर की तीसरी गेंद पर प्रियांश बाल-बाल बचे, जब यशस्वी जायसवाल ने स्लीप में उनका कैच छोड़ दिया। गेंद जायसवाल के हाथों से लगकर थर्ड मैन पर चार रन के लिए चली गई।

# रोहित मुंबई के लिए आज वापसी कर सकते हैं



### आईपीएल में हैदराबाद से मुकाबला, इंडियंस ने सनराइजर्स के खिलाफ 56% मैच जीते

**ब्रह्मास्त्र ›› मुम्बई**

आईपीएल 2026 के 41वें मुकाबले में आज मुंबई इंडियंस का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। वानखेड़े स्टेडियम में शाम 7:30 बजे शुरू होने वाले इस मैच में रोहित शर्मा की वापसी हो सकती है। इस सीजन मुंबई को 7 में से 5 मैचों में हार मिली है। टीम पॉइंट्स टेबल में 9वें स्थान पर हैं। दूसरी ओर हैदराबाद बेहतर फॉर्म में है। टीम लगातार पिछले 4 मैच जीतकर टेबल में तीसरे स्थान पर हैं। दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 25 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें मुंबई इंडियंस का पलड़ा भारी है। मुंबई ने 14 मैचों में जीत दर्ज की है, जबकि हैदराबाद को 10 मैचों में सफलता मिली है। दोनों के बीच एक मुकाबला टाई भी रहा है, जिसे मुंबई ने सुपर ओवर में जीता था। दोनों टीमों का वानखेड़े में 9 बार सामना हुआ हैं। इस दौरान 7 मैचों में टकऔर 2 में एसआरएच को जीत मिली। मुंबई इंडियंस की ओर से तिलक वर्मा ने मिडिल ऑर्डर में मजबूती दिखाई है। उन्होंने 7 मैचों में 170.75 के स्ट्राइक रेट से 181 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में अश्विनी कुमार ने कम मैचों में बड़ा प्रभाव छोड़ा है। उन्होंने केवल 2 मैचों में 6 विकेट लिए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए इस सीजन में अभिषेक शर्मा शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने 8 मैचों में 212.29 के स्ट्राइक रेट से 380 रन बनाए हैं, जिसमें 3 अर्धशतक और 1 शतक शामिल है। अभिषेक टीम के साथ सीजन के भी टॉप स्कोरर हैं। वहीं, गेंदबाजी में ईशान मलिंगा टीम के मुख्य हथियार साबित हुए हैं।












## ट्राई ने बढ़ाई डेडलाइन

# डेटा के बिना मोबाइल प्लान होंगे सस्ते



## सिर्फ कॉलिंग-एसएमएस वाला रिचार्ज लाने की तैयारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

दूरसंचार नियामक ट्राई ने डेटा रहित मोबाइल टैरिफ प्लान पर टिप्पणियों की समय सीमा 28 अप्रैल से बढ़ाकर 5 मई कर दी है। यह निर्णय हितधारकों के अनुरोध पर लिया गया। ट्राई ने दूरसंचार ऑपरेटरों को केवल कॉलिंग और एसएमएस वाले प्लान कम कीमत पर देने का प्रस्ताव किया है। नियामक ने पाया कि डेटा हटाने के बाद भी कीमतें आनुपातिक रूप से कम नहीं हुईं। देश के टेलीकॉम रेगुलेटर भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने मोबाइल यूजर्स को राहत देने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। ट्राई ने उन प्रस्तावों पर लोगों और कंपनियों से सुझाव देने की आखिरी तारीख बढ़ाकर अब 5 मई 2026 कर दी है, जिनमें बिना डेटा वाले सस्ते मोबाइल प्लान शुरू करने की बात कही गई है।

पहले यह डेडलाइन 28 अप्रैल तय की गई थी, लेकिन टेलीकॉम कंपनियों और अन्य पक्षों की मांग पर इसे एक हफ्ते के लिए बढ़ा दिया गया। अब इच्छुक लोग 5 मई तक अपनी राय दे सकते हैं, जबकि जवाबी टिप्पणियां (काउंटर कमेंट्स) 12 मई तक जमा की जा सकेंगी।

**सिर्फ कॉलिंग और एसएमएस वाला प्लान चाहता है ट्राई-** दरअसल, ट्राई का प्रस्ताव है कि टेलीकॉम कंपनियां ऐसे प्लान भी लाएं जिनमें सिर्फ कॉलिंग और एसएमएस की सुविधा हो, और उनकी कीमत मौजूदा डेटा वाले प्लानों से कम हो। इसका सीधा फायदा उन लोगों को होगा जो इंटरनेट का ज्यादा इस्तेमाल नहीं करते, जैसे बुजुर्ग या बेसिक फोन यूजर्स।

## क्रेडिट कार्ड से कैश निकालना पड़ सकता है महंगा

# भारी ब्याज से बिगड़ सकता है बजट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

क्रेडिट कार्ड से कैश निकालना आसान जरूर है, लेकिन यह सबसे महंगा विकल्प साबित हो सकता है। भारी ब्याज दर, अतिरिक्त शुल्क और सिबिल स्कोर पर असर इसे जोखिम भरा बनाते हैं। ऐसी स्थिति में पर्सनल लोन या आपातकालीन फंड बेहतर विकल्प हो सकते हैं।

भारतीय मध्यम वर्ग के बटुए में अब क्रेडिट कार्ड सिर्फ एक प्लास्टिक मनी नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है। आरबीआई के ताजा आंकड़े इसकी तस्दीक करते हैं। फरवरी 2025 में जहां क्रेडिट कार्ड से खर्च 1.68 लाख करोड़ रुपये था, वहीं फरवरी 2026 में यह 6% बढ़कर 1.78 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। हालांकि, दिसंबर 2025 के 2.05 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले इसमें कुछ गिरावट देखी गई है, लेकिन कार्ड का बढ़ता चलन साफ है।

क्रेडिट कार्ड हमें 'अभी खरीदें, बाद में भुगतान करें' की आजादी तो देता है, लेकिन इस चमक-दमक के बीच एक ऐसा कदम है, जो आपके वित्तीय स्वास्थ्य को गंभीर रूप से बीमार कर सकता है और वह है क्रेडिट कार्ड से नकद निकासी।

### क्या कहते हैं आंकड़े?

फरवरी 2026 के आंकड़ों पर नजर डालें तो ढडर और ई-कॉमर्स के जरिए लेनदेन का हिस्सा सबसे बड़ा है, लेकिन एक बड़ी राशि 'कैश विड्रॉल' के रूप में भी निकाली गई है। लोग अक्सर आपात स्थिति में या छोटे खर्चों के लिए एटीएम से क्रेडिट कार्ड डालकर पैसे निकाल लेते हैं। फरवरी 2026 में 364.26 करोड़ रुपये निकाले गए, दिसंबर 2025 में क्रेडिट कार्ड से कैश विड्रॉल का यह आंकड़ा 393.14 करोड़ रुपये था। सुनने में यह एक सुविधा लगती है, लेकिन असल में यह आपकी जेब पर पड़ने वाला सबसे महंगा बोझ है।




### क्यों है यह एक 'महंगा सौदा'?

- भारी-भरकम ब्याज दरः जब आप क्रेडिट कार्ड से खरीदारी करते हैं, तो आपको 45-50 दिनों का ब्याज मुक्त समय मिलता है। लेकिन नकद निकासी के मामले में यह नियम लागू नहीं होता। जिस क्षण आप एटीएम से कैश निकालते हैं, उसी दिन से ब्याज शुरू हो जाता है। ब्याज दर सालाना 36% से 48% तक हो सकती है।
- **कैश एडवांस फीसः** हर बार कैश निकालने पर बैंक आपसे एक निश्चित शुल्क वसूलता है, जो आमतौर पर निकाली गई राशि का 2.5% से 3% होता है (न्यूनतम 300 से 500 रुपये तक)। यानी अगर आपने सिर्फ 1000 रुपये निकाले, तो भी आपको 500 रुपये तक का शुल्क देना पड़ सकता है।
- **सिबिल स्कोर पर बुरा असरः** क्रेडिट कार्ड से नकद निकालना बैंक की नजर में आपकी क्रेडिट हंगर यानी पैसों की अत्यधिक तंगी को दशार्ता है। इससे आपका सिबिल स्कोर नकारात्मक रूप से प्रभावित हो सकता है, जिससे भविष्य में होम लोन या कार लोन मिलना मुश्किल हो जाता है।

### क्या है विकल्प?

यदि आपको कैश की सख्त जरूरत है, तो क्रेडिट कार्ड के बजाय ये विकल्प बेहतर हैं:

- **आपातकालीन फंडः** हमेशा 3-6 महीने का खर्च अलग रखें।
- **पर्सनल लोनः** क्रेडिट कार्ड कैश के मुकाबले पर्सनल लोन की ब्याज दरें काफी कम होती हैं।
- **बाय नाउ पे लेटर** : छोटे खर्चों के लिए बीएनपीएल का उपयोग करें।

## अनिल अंबानी समूह पर

# ईडी की बड़ी कार्रवाई




## 3034 करोड़ की संपत्ति जब्त; कुल आंकड़ा 19 हजार करोड़ के पार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

प्रवर्तन निदेशालय ने अनिल अंबानी के रिलायंस समूह से जुड़े मामलों की जांच के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 3,034 करोड़ रुपये की नई संपत्तियां जब्त की हैं। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े एक चल रहे मामले के तहत की गई है। सूत्रों के अनुसार, यह संपत्तियां रिलायंस कम्युनिकेशंस और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड से संबंधित हैं। इनमें मुंबई में एक फ्लैट, महाराष्ट्र के खंडाला स्थित एक फार्महाउस, अहमदाबाद के साणंद क्षेत्र में जमीन के टुकड़े और आर-एलएनएफएफए के करीब 7.71 करोड़ शेयर शामिल हैं।

### पीएमएलए के तहत की गई कार्रवाई

ईडी ने यह कदम प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत उठाया है और इन संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच करने का आदेश जारी किया है। यह कार्रवाई जांच एजेंसी की चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच का हिस्सा है।

### कुल अटैच संपत्ति बढ़कर 19,344 करोड़ रुपये हुई

सूत्रों के मुताबिक, अनिल अंबानी समूह से जुड़े मामलों में अब तक अटैच की गई कुल संपत्तियों का मूल्य बढ़कर लगभग 19,344 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। ईडी इस पूरे मामले में बैंक धोखाधड़ी और फंड के कथित दुरुपयोग की जांच कर रही है। एजेंसी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कंपनियों के धन का उपयोग किन-किन तरीकों से किया गया और क्या इसमें नियमों का उल्लंघन हुआ है।


## सैमसंग के 40 हजार कर्मचारियों की बड़ी हड़ताल की चेतावनी

# एआई चिप उत्पादन पर संकट के बादल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) की बढ़ती मांग के बीच दुनिया की सबसे बड़ी चिप निमार्ता कंपनी सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के सामने अब आंतरिक संकट खड़ा हो गया है। दक्षिण कोरिया के प्योंगटेक स्थित सैमसंग के विशाल सेमीकंडक्टर परिसर में गुरुवार को लगभग 40,000 कर्मचारियों ने एक विशाल रैली निकालकर प्रबंधन के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। कर्मचारियों की मुख्य मांग वेतन में बढ़ोतरी और प्रदर्शन बोनस पर लगी अधिकतम सीमा (कैप) को समाप्त करना है। यह प्रदर्शन कंपनी के इतिहास में श्रम शक्ति के सबसे बड़े शक्ति प्रदर्शनों में से एक माना जा रहा है, जो लंबे समय तक मजदूर आंदोलनों से अछूती रही इस टेक दिग्गज के लिए एक बड़ी चुनौती है।

इस विवाद के केंद्र में कंपनी का शानदार वित्तीय प्रदर्शन और कर्मचारियों के बीच बढ़ता असंतोष है। एआई इंफ्रास्ट्रक्चर की बढ़ती मांग के चलते सैमसंग को भारी मुनाफा हुआ है, लेकिन कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें इस




मुनाफे का उचित हिस्सा नहीं मिल रहा है। यूनियनों ने मांग की है कि कंपनी को अपने वार्षिक परिचालन मुनाफे का 15 प्रतिशत हिस्सा प्रदर्शन बोनस के रूप में आवंटित करना चाहिए और बोनस पर लगी वर्तमान 50 प्रतिशत वेतन की सीमा को पूरी तरह खत्म कर देना चाहिए। प्रबंधन ने इन मांगों को फिलहाल सिरे से खारिज कर दिया है, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच गतिरोध गहरा गया है। कर्मचारियों के गुस्से की एक बड़ी वजह उनकी तुलना स्थानीय प्रतिद्वंद्वी एसके हाइनिक्स से होना भी है। हाल ही में एसके हाइनिक्स ने अपने कर्मचारियों की बोनस मांगों को स्वीकार करते हुए मुआवजे में सुधार और बोनस सीमा को हटाने का कदम उठाया है, जिससे सैमसंग के कर्मचारियों में भेदभाव की भावना पैदा हुई है। प्रदर्शन में शामिल युवाओं और इंजीनियरों की बड़ी संख्या यह दशार्ती है कि प्रतिभा पलायन का खतरा भी कंपनी पर मंडरा रहा है, क्योंकि कुशल इंजीनियर बेहतर वेतन पैकेज के लिए प्रतिद्वंद्वी कंपनियों का रुख कर रहे हैं।

- यदि प्रबंधन और यूनियनों के बीच चल रही बातचीत विफल रहती है, तो 21 मई से 7 जून तक 18 दिनों की एक व्यापक हड़ताल शुरू करने की चेतावनी दी गई है। उद्योग विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि अगर यह हड़ताल होती है, तो वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। एआई चिप्स की पहले से ही चल रही कमी के बीच सैमसंग जैसे बड़े उत्पादक का काम रुकना चिप की कीमतों में भारी उछाल ला सकता है और वैश्विक बाजार में इसका सीधा फायदा प्रतिद्वंद्वी कंपनियों को मिल सकता है।
- हालांकि, कुछ विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि कारखाना स्वचालन (ऑटोमेशन) और उप-ठेकेदारों की मदद से कंपनी उत्पादन पर पड़ने वाले प्रभाव को कुछ हद तक कम करने में सफल हो सकती है। फिलहाल, सैमसंग प्रबंधन ने यूनियन की गतिविधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है, जबकि कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अडिग हैं।

CHANGE OF NAME

I, DEVKISHAN KRIPLANI S/O MOOLCHAND KRIPLANI, Residing at House No. 6, Gali No. 3, Santram Sindhi Colony, UJJAIN (M.P), have changed my name from DEV KISHAN to DEVKISHAN KRIPLANI. I will be known as DEVKISHAN KRIPLANI for all future purposes.

## देश के शहरी सहकारी बैंकों की बदलेगी तस्वीर

# रिजर्व बैंक ने लॉन्च किया मिशन सक्षम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों (यूसीबी) की क्षमता बढ़ाने और उन्हें वित्तीय रूप से मजबूत करने के लिए मिशन सक्षम लॉन्च किया है। 1.40 लाख कर्मचारियों की ट्रेनिंग और इस बड़े बैंकिंग सुधार की विस्तृत रिपोर्ट के लिए पूरी खबर पढ़ें। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शहरी सहकारी बैंकिंग (यूसीबी) क्षेत्र की क्षमता का निर्माण करने के लिए मिशन सक्षम (सहकारी बैंक क्षमता) का शुभारंभ किया। आरबीआई शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को सहयोग देने के लिए विभिन्न नियामक और पर्यवेक्षी उपाय कर रहा है। इन प्रयासों को जारी रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मंगलवार को मिशन सक्षम का शुभारंभ किया। यह यूसीबी के लिए एक मिशन आधारित, क्षेत्रव्यापी अखिल भारतीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण पहल है। आरबीआई ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मिशन सक्षम जिसका अर्थ होता है योग्य बनाना के तहत बड़ी संख्या में प्रशिक्षण कार्यक्रम (आमने-सामने और ई-लर्निंग पाठ्यक्रम दोनों) यूबीसी के लिए आयोजित किया जाएगा।

## कनाडा में 16 मौतों का जिम्मेदार ट्रक-ड्राइवर नहीं होगा डिपोर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कनाडा के मशहूर हंबोल्ट ब्रोंकोस बस हादसे के गुनहगार पंजाब मूल के ट्रक ड्राइवर जसकीरत सिंह सिद्धू को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सोमवार सुबह उन्हें भारत डिपोर्ट किया जाना था, लेकिन रवानगी से 2 दिन पहले फेडरल कोर्ट ने इस पर इमरजेंसी रोक लगा दी है।

कनाडा की मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जस्टिस जोसलिन गाग्ने ने यह आदेश तब दिया जब जसकीरत सिंह सिद्धू के वकील ने कनाडा बॉर्डर सर्विस एजेंसी के फैसले को कोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट ने अगले आदेशों तक जसकीरत सिंह की डिपोर्टेशन पर रोक लगा दी।

दरअसल मूल रूप से संगरूर के रहने वाले ट्रक ड्राइवर के कारण कनाडा के हंबोल्ट ब्रोंकिस में एक रोड एक्सीडेंट हुआ, जिसमें 16 लोगों की मौत हो गई थी और 13 गंभीर रूप से घायल हुए थे। इस मामले में जसकीरत सिंह को 8 साल की सजा हुई, जिसके बाद कनाडा बॉर्डर सर्विस एजेंसी ने उसे डिपोर्ट करने का आदेश जारी किया था।

### जसकीरत के वकील (माइकल ग्रीन) की दलीलें

25 अप्रैल को फेडरल कोर्ट में हुई सुनवाई में दोनों पक्षों के बीच बहस हुई। कोर्ट इस बात की समीक्षा कर रहा है कि क्या जसकीरत को 'मानवीय आधार' पर रुकने का मौका दिया जाना चाहिए। दरअसल सिद्धू के वकील माइकल ग्रीन ने कोर्ट में सबसे बड़ी दलील उनके एक साल के बेटे की सेहत को लेकर दी। बच्चे को दिल और फेफड़ों की गंभीर बीमारी है। वकील ने कहा कि भारत की खराब हवा बच्चे के स्वास्थ्य के लिए जानलेवा हो सकती है। वकील ने तर्क दिया कि हादसे से पहले जसकीरत का रिकॉर्ड एकदम बेदाग था और उन्होंने जेल में अपने किए का गहरा पश्चाताप किया है।

### सरकारी पक्ष और कानून की दलील

सरकारी वकील ने कोर्कट में दलील दी है कि कि कनाडा के कानून के मुताबिक, अगर किसी पीआर (ढफ) होल्डर को 6 महीने से ज्यादा की जेल होती है, तो वह देश में रहने का हक खो देता है। जसकीरत को 8 साल की सजा हुई है, इसलिए उन्हें डिपोर्ट करना अनिवार्य है। सरकारी वकील ने दलील दी है कि जिसकी लापरवाही से 16 लोगों की जान चली गई और 13 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। उसे कनाडा में रहने का कोई हक नहीं है। यहीं नहीं सरकारी वकील ने ये भी दलील दी है कि अगर जसकीरत सिंह सिद्धू को अपने बच्चों से अलग नहीं होना तो वो उन्हें लेकर भी जा सकता है। अगर भारत में उन्हें परेशानी है तो वो यहां रह सकते हैं।

### टोबी बाउलेट (मृतक खिलाड़ी लोगन बाउलेट के पिता):

टोबी बाउलेट ने कोर्ट में स्पष्ट कहा– ॠजसकीरत सिंह सिद्धू को डिपोर्ट करना कोई अतिरिक्त सजा नहीं है, बल्कि यह कनाडा के कानून का हिस्सा है। कानून स्पष्ट है कि यदि आप अपराधी हैं, तो आप इस देश में रहने का हक खो देते हैं। हर बार नई अपील और नई तारीख हमारे जख्मों को फिर से कुरेद देती है।ॠ

**क्रिस जोसेफ (मृतक खिलाड़ी जेसन जोसेफ के पिता):** क्रिस जोसेफ ने भावुक होते हुए कोर्ट से पूछा– अदालत में बार-बार सिद्धू के परिवार और उनके बच्चों की दुहाई दी जा रही है। लेकिन उन 16 पिताओं के बारे में किसने सोचा जिन्होंने अपने जवान बेटों के जनाजे उठाए? मेरे बेटे का भविष्य छीन लिया गया। सिद्धू का परिवार उनके साथ है, लेकिन हमारे बच्चे कभी वापस नहीं आएंगे। हम सिर्फ यह चाहते हैं कि कानून अपना काम करे।

# गुजरात के सभी 15 नगर निगमों में भाजपा जीती निकाय चुनाव में 9 हजार में 7000 सीटों पर कब्जा

### भाजपा का सभी 15 नगर निगमों पर कब्जा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

गुजरात स्थानीय निकाय चुनाव में बीजेपी ने शानदार जीत हासिल की है। राज्य के 15 नगर निगमों, 84 नगरपालिकाओं, 34 जिला पंचायतों और 260 तालुका पंचायतों के चुनाव की काउंटिंग सुबह 8 बजे से जारी है।

राज्य में कुल 9992 निकाय सीटें हैं। इसमें से 9986 रिजल्ट आ चुके हैं। भाजपा ने अब तक 7491 सीटें जीत ली हैं। कांग्रेस को 1740 और अन्य को 755 सीटें मिली हैं। इस चुनाव में भाजपा का स्ट्राइक रेट 76% है। वहीं, गोधरा के वार्ड नंबर 7 से निर्दलीय महिला उम्मीदवार अपेक्षाबेन नैनेशभाई सोनी ने जीत हासिल की। इस सीट पर 100% वोटर मुस्लिम हैं।

अहमदाबाद एलडीएस कॉलेज के काउंटिंग सेंटर के पास पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं की झड़प हुई। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को थप्पड़ भी मारा।



पीएम मोदी ने भाजपा की जीत के बाद सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कार्यकर्ताओं को बधाई दी। भेसन सीट पर बीजेपी के पूर्व विधायक भूपतभाई भयानी की हार हुई, आम आदमी पार्टी के दिनेश रूपारेलिया ने 1700 वोटों से हराया। जामनगर नगर निगम वार्ड-12 में अअढ के असलम खिलजी और कांग्रेस के अल्ताफ खफी जेल में रहते हुए चुनाव जीते। दोनों पर गुजरात अधिनियम के तहत केस दर्ज है।

असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी अक्क्क्ट के 3 उम्मीदवारों को जीत मिली है। क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की बहन नयनाबा जडेजा राजकोट से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव हार गई हैं।

भाजपा ने राज्य के सभी 15 नगर निगमों में जीत दर्ज की। राजकोट, जामनगर, अहमदाबाद, भावनगर, सूरत और मोरबी में फिर कब्जा किया है। वहीं, 9 नए नगर निगम - आणंद, गांधीधाम, मेहसाणा, मोरबी, नाडियाड, नवसारी, पोरबंदर-छाया, सुरेंद्रनगर-वधवाण और वापी में हुए पहले चुनाव में जीत दर्ज की है।

### 4 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं ने वोट किया

राज्य के 15 नगर निगम, 84 नगरपालिका, 34 जिला पंचायत और 260 तालुका पंचायत के लिए 26 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। इनमें 4 करोड़ 18 लाख से ज्यादा मतदाताओं ने वोट डाले थे। 15 नगर निगमों में 55.1% मतदान हुआ। नगरपालिकाओं में 65.53%, जिला पंचायतों में 66.64% और तालुका पंचायतों में 67.26% वोटिंग दर्ज की गई थी। 2021 के स्थानीय चुनाव में इखद ने शानदार जीत हासिल की थी। पार्टी नगरपालिकाओं की 8,470 सीट में से 6,236 सीट जीती थीं। BJP ने तब सभी छह नगर निगमों के अलावा 81 नगरपालिकाओं, 32 जिला पंचायतों और 231 तालुका पंचायतों पर अपना दबदबा बनाए रखा था।

## धर्म पूछा, कलमा पढ़ने को कहा, फिर चाकुओं से गोदा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

मुंबई के मीरा रोड स्थित नया नगर इलाके में एक युवक ने दो सिक्योरिटी गार्ड्स से उनका धर्म पूछने के बाद चाकू से हमला कर दिया। आरोपी की पहचान 31 साल के जैब जुबेर अंसारी के रूप में की गई है। घटना सोमवार सुबह करीब 4 बजे हुई।

पुलिस के अनुसार, एक अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग के पास दो सिक्योरिटी गार्ड, राजकुमार मिश्रा और सुब्रतो रमेश सेन ड्यूटी पर तैनात थे। आरोपी पहले इलाके में आया और मस्जिद का रास्ता पूछा। कुछ समय बाद वह दोबारा लौटा।

उसने एक गार्ड से धर्म पूछने के बाद अचानक चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद वह केबिन में घुसा और दूसरे गार्ड से कलमा पढ़ने को कहा। जब गार्ड ऐसा नहीं कर पाया, तो उस पर भी हमला कर दिया गया।

दोनों घायल गार्डों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। महाराष्ट्र अळर ने उसके घर से क्क्क्र से जुड़े नोट्स, एक लैपटॉप और कुरान की 3 कॉपियां बरामद की हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी ने हमला अकेले प्लान किया था।

घटना के करीब डेढ़ घंटे भीतर ही नया नगर पुलिस ने उउळश फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की और उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे ठाणे की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 4 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

आरोपी साइंस ग्रेजुएट है और वह 2000 से 2020 तक अपने माता-पिता के साथ अमेरिका में रहा था। अमेरिका में नौकरी नहीं मिलने के कारण वह 2020 में भारत लौट आया। वह 2022 से मीरा रोड स्थित स्मिता रीजेंसी बिल्डिंग में अकेले रहकर ऑनलाइन केमिस्ट्री की कोचिंग देता था। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पत्नी अफगानी हैं। वह उसे छोड़कर अमेरिका चली गई हैं। अळर के मुताबिक, यह लोन वुल्फ अटैक का मामला है

## अफसर की हत्या करने वाला अपराधी एनकाउंटर में ढेर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बिहार में योगी स्टाइल में भागलपुर हत्यकांड के आरोपी का एनकाउंटर हुआ है। मर्डर के 12 घंटे के अंदर पुलिस ने अपराधी को ढेर कर दिया है। भागलपुर में मंगलवार दोपहर 3 बजे सुल्तानगंज नगर परिषद ऑफिस में सरकारी अफसर की हत्या हुई थी। बदमाशों ने चेयरमैन को भी गोली मारी थी।

देर रात 2.30 बजे अपराधी को पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर किया है। मुठभेड़ में ऊढ नवीन, इंस्पेक्टर परमेश्वर और इंस्पेक्टर मृत्यंजय घायल हुए हैं। एनकाउंटर सुल्तानगंज थाना से महज 200 मीटर दूर बाइपास रोड इलाके में हुआ है। जहां मुठभेड़ हुई है वहां से रामधनी यादव का घर 100 मीटर की दूरी पर है। प्रमोद यादव ने बताया कि, पुलिस ने उउळश के आधार पर एक अपराधी रामधनी यादव की पहचान की थी। रामधनी डिप्टी चेयरमैन का पति है। उसकी गिरफ्तारी के बाद हम उसे हथियार बरामद करने के लिए ले जा रहे थे। इस दौरान रामधनी और उसके साथियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। इसमें रामधनी के पेट में गोली लगी। 3 पुलिसकर्मी भी घायल हुए। रामधनी को मायागंज अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। तीनों पुलिस वालों का इलाज चल रहा है। करीब 15 मिनट तक ये मुठभेड़ चली। दीपक नाम के एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दीपक ने पहले भी मर्डर किया है।

### उत्तराखंड-हिमाचल में ओले गिरेंगे; ओडिशा में लू सेंटर बनाए

# उत्तरप्रदेश का बांदा शहर लगातार दूसरे दिन सबसे गर्म, पारा 45.6 डिग्री, राजस्थान में धूलभरी आंधी चलेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश के कई शहर हीटवेव की चपेट में हैं। ज्यादातर हिस्सों में तापमान 40-46त्उ के बीच चल रहा है। मंगलवार को भी यूपी का बांदा देश में सबसे गर्म शहर रहा। यहां पारा 45.6त्उ दर्ज किया गया। इसके अलावा ओडिशा के झारसुगुड़ा में 45.3त्उ, महाराष्ट्र के अकोला, वर्धा और अमरावती में 45त्उ से ज्यादा तापमान रहा।


भीषण गर्मी और लू से बचाने के लिए प्रयागराज में जगह-जगह वाटर अळट लगाए गए हैं। ओडिशा में लू सेंटर बनाए जा रहे हैं।



इन सेंटर पर यात्रियों को ठंडा पानी और ग्लूकोज दिया जाएगा। इधर, बुधवार से यूपी, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में हीटवेव से राहत की उम्मीद है। यहां 60 ंस्रँ की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है। हरियाणा में मंगलवार से ही बारिश का दौर शुरू हो गया। दिल्ली में बुधवार सुबह तेज बारिश हुई, जिससे तापमापन में गिरावट हुई। मंगलवार को यहां तापमान 44 डिग्री था। मौसम विभाग का कहना है कि हिमाचल-उत्तराखंड में ओले-बारिश का अलर्ट है। इससे चारधाम यात्रा पर भी असर पड़ सकता है। वहीं, 17 राज्यों में भी आंधी-बारिश हो सकती है।

### ईरान बोला- हमारे लिए अब भी जंग जैसे हालातः

# अमेरिका- इजराइल से युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ, दुश्मन ने हमला किया तो नए तरीके से जवाब देंगे




ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान/वॉशिंगटन

ईरान ने कहा है कि उसके लिए हालात अब भी जंग जैसे बने हुए हैं। प्रेस टीवी के मुताबिक ईरानी सेना के प्रवक्ता ने कहा कि युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ है।

प्रवक्ता ने कहा कि ईरान मौजूदा हालात को सामान्य नहीं मानता है। उन्होंने कहा कि सेना और सुरक्षा एजेंसियां लगातार मॉनिटरिंग और सर्विलांस कर रही हैं, ताकि हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके।

ईरान ने दुश्मन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई नई कार्रवाई हुई, तो उसे नए हथियारों, नए तरीकों और नए मोर्चों पर जवाब दिया जाएगा।

संयुक्त अरब अमीरात (वअए) ने 1 मई से तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक से 59 साल बाद बाहर निकलने की ऐतिहासिक घोषणा की है। ओपेक दुनिया के बड़े तेल उत्पादक देशों का समूह है। ईरान ने अमेरिका को होर्मुज खोलने और जहाजों की आवाजाही शुरू करने का प्रस्ताव दिया था। इसके बाद परमाणु मुद्दे पर बात होनी थी, लेकिन ट्रम्प ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची मंगलवार सुबह रूस की अपनी यात्रा खत्म करने के बाद इस्लामाबाद पहुंचे। पिछले 48 घंटों में यह उनका तीसरा पाकिस्तान दौरा है। ईरान सरकार ने बताया कि जंग की वजह से देश में सीधेतौर पर कम से कम 10 लाख नौकरियां खत्म हो गई हैं। भविष्य में 1 करोड़ से ज्यादा नौकरियों का खतरा है।

मंगलवार को भी कच्चे तेल की कीमतों में लगातार सातवें दिन बढ़ोतरी दर्ज की गई। ब्रेंट क्रूड की कीमत 110 डॉलर प्रति बैरल के पार चली गई।

### ट्रम्प बोले- ईरान को कभी परमाणु हथियार बनाने नहीं देंगे

डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में मंगलवार रात एक स्टेट डिनर के दौरान कहा कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार हासिल करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि किंग चार्ल्स भी उनकी इस बात से सहमत हैं।

ट्रम्प ने कहा कि हम अभी मिडिल ईस्ट में थोड़ा काम कर रहे हैं, जैसा कि आप जानते होंगे, और हम बहुत अच्छा कर रहे हैं। हमने उस विरोधी को हरा दिया है। और हम कभी भी उसे परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे। हालांकि ट्रम्प ने अपने बयान में सीधे तौर पर ईरान का नाम नहीं लिया, लेकिन उनका इशारा उसी देश की तरफ माना जा रहा है।

### जर्मन चांसलर मर्ज पर नाराज हुए ट्रम्प

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि मर्ज ईरान के परमाणु इरादों को गलत समझ रहे हैं और उनकी बातों को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं।

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा- मर्ज सोचते हैं कि ईरान के पास परमाणु हथियार होना ठीक है। उन्हें नहीं पता कि वे क्या कह रहे हैं। अगर ईरान के पास परमाणु हथियार आ गया, तो पूरी दुनिया उसके दबाव में आ जाएगी। मर्ज ने एक दिन पहले अमेरिका की ईरान नीति पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि ईरान की सरकार बातचीत में अमेरिका को बेइज्जत कर रही है।

### ट्रम्प बोले- ईरान ढहने की कगार पर पहुंचा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान ढहने की कगार पर पहुंच चुका है और जल्द से जल्द होर्मुज स्ट्रेट खुलवाना चाहता है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ईरान ने अमेरिका को बताया है कि वह ह्यस्टेट ऑफ कोलैप्सह्ल यानी बुरी स्थिति में पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि ईरान जल्द से जल्द होर्मुज स्ट्रेट खुलवाना चाहता है, ताकि समुद्री आवाजाही सामान्य हो सके। ट्रम्प ने यह भी कहा कि ईरान इस समय अपनी नेतृत्व स्थिति को संभालने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने लिखा कि उन्हें भरोसा है कि ईरान इससे बाहर निकल जाएगा। वहीं दूसरी तरफ ईरान के कहा है कि वह ट्रम्प का दबाव नहीं सहेगा। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता रेजा तलाएई-निक ने कहा कि अमेरिका अब उस स्थिति में नहीं है कि दूसरे देशों को बताए कि उन्हें क्या करना चाहिए। साथ ही अमेरिका को अपनी गलत मांगें छोड़नी होंगी। अमेरिका, ईरान और इजराइल के बीच फिलहाल सीजफायर लागू है, लेकिन संघर्ष खत्म करने की बातचीत अब तक किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंची है। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे अहम समुद्री मार्गों में शामिल है। यहां से बड़ी मात्रा में तेल और गैस सप्लाई गुजरती है, इसलिए इस रास्ते पर तनाव का असर वैश्विक बाजार पर पड़ता है।

### टीवी होस्ट ने मेलानिया से विधवा होने वाला मजाक किया, ट्रम्प बोले- नौकरी से निकालो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प ने टीवी होस्ट जिमी किमेल पर परिवार को लेकर विवादित मजाक करने का आरोप लगाते हुए अइउ नेटवर्क से कार्रवाई की मांग की है। मेलानिया ने कहा कि किमेल का बयान नफरत फैलाने वाला और हिंसक सोच को बढ़ावा देने वाला है।

विवाद की शुरूआत उस समय हुई जब व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स डिनर से पहले अपने शो में जिमी किमेल ने मेलानिया ट्रम्प पर टिप्पणी करते हुए उन्हें होने वाली विधवा कहा। इस बयान के बाद ट्रम्प समर्थकों ने नाराजगी जताई। मेलानिया ट्रम्प ने  पर पोस्ट कर कहा कि यह कॉमेडी नहीं, बल्कि जहरीली राजनीति है। उन्होंने सवाल उठाया कि प्रबंधन कब तक ऐसे व्यवहार को सहन करेगा। उन्होंने नेटवर्क से सख्त कदम उठाने की मांग की।

# पाकिस्तान का अफगानिस्तान पर मिसाइल अटैक

### 7 की मौतः75 घायल, सैनिकों की मौत के बाद किया जवाबी हमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ काबुल

अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत कुनार में सोमवार को हुए हमलों में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 75 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में यूनिवर्सिटी के छात्र, बच्चे और आम नागरिक शामिल हैं।

स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि राजधानी असदाबाद में घरों के साथ-साथ सैयद जमालुद्दीन अफगानी यूनिवर्सिटी को भी निशाना बनाया गया।

तालिबान सरकार के उप प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने आरोप लगाया है कि ये हमले पाकिस्तान की तरफ से किए गए।

उनका कहना है कि सोमवार दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुए इन हमलों में मोर्टार और रॉकेट दागे गए। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। पाकिस्तान के सूचना मंत्रालय का कहना है कि



यूनिवर्सिटी और रिहायशी इलाकों को निशाना बनाने की खबरें पूरी तरह गलत हैं।

इससे पहले रविवार को अफगानिस्तान के कंधार इलाके में पाकिस्तान के साथ सीमा पर फिर हिंसक झड़प की घटना हुई थी। खामा प्रेस ने सूत्रों के हवाले से दावा किया कि स्पिन बोल्डक इलाके में रात के दौरान दोनों पक्षों के बीच फायरिंग हुई।

इसमें पाकिस्तान के छह सैनिक मारे गए। तालिबानी लड़ाके एक सैनिक को बंधक बनाकर ले गए। पाकिस्तानी सैनिकों के हथियार भी लेकर चले गए।

हालांकि, इन दावों की अभी पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि देर रात पाकिस्तान की तरफ से सीमा पार फायरिंग हुई, जिसमें एक स्थानीय बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद तालिबान ने जवाबी हमला किया।

### मार्च में दोनों देशों के बीच सीजफायर हुआ

दोनों देशों के बीच पहले से ही तनाव बना हुआ है। पाकिस्तान ने मार्च में राजधानी काबुल में एक नशा मुक्ति केंद्र पर भी हमला किया था, जिसमें 400 से ज्यादा लोगों की मौत का दावा किया गया था। दोनों देशों के बीच मार्च में एक सीजफायर हुआ था, जिससे कई हफ्तों से चल रही खूनखराबे वाली झड़पें रुकी थीं, लेकिन अब हालात फिर बिगड़ते दिख रहे हैं। चीन के अलावा तुर्किए, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब भी इस विवाद को खत्म कराने की कोशिश कर चुके हैं। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर पाकिस्तानी हमले के बाद धमाके का फुटेज। फोटो 17 मार्च की है। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर पाकिस्तानी हमले के बाद धमाके का फुटेज। फोटो 17 मार्च की है।

## हमलावर पर ट्रम्प की हत्या की कोशिश का आरोप लगा; 10 साल या उम्रकैद की सजा संभव



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिका में व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स डिनर में फायरिंग करने वाले हमलावर 31 वर्षीय कोल टॉमस एलन पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या की कोशिश का आरोप लगाया है। डिनर कार्यक्रम में ट्रम्प, फर्स्ट लेडी मेलानिया, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, कैबिनेट सदस्य और वरिष्ठ पत्रकार मौजूद थे।

आरोपी पर राष्ट्रपति की हत्या की कोशिश, हथियारों को राज्य सीमा पार ले जाने, हिंसक अपराध के दौरान गोली चलाने और फेडरल अधिकारियों पर हमला करने जैसे आरोप लगाए गए हैं। दोषी पाए जाने पर उसे कम से कम 10 साल जेल से लेकर उम्रकैद तक की सजा हो सकती है। अधिकारियों के मुताबिक आरोपी कैलिफोर्निया के टॉरेंस का रहने वाला है। ऋइककके अनुसार उसने 6 अप्रैल को होटल में कमरा बुक कराया था। वह 21 अप्रैल को लॉस एंजिलिस क्षेत्र से निकला, पहले ट्रेन से शिकागो पहुंचा और फिर वॉशिंगटन आया। जांच एजेंसियों के मुताबिक आरोपी शॉटगन, पिस्तौल और कई चाकुओं के साथ सुरक्षा जांच क्षेत्र तक पहुंचा और मेटल डिटेक्टर पार करने की कोशिश की। इसी दौरान गोली चलने की आवाज सुनी गई।

वॉशिंगटन डीसी की अमेरिकी अटॉर्नी जीनिन पिरो शनिवार को हुए व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स डिनर शूटिंग मामले के आरोपी कोल टोमस एलन के पास मिली शॉटगन की तस्वीर दिखाती हुईं। वॉशिंगटन डीसी की अमेरिकी अटॉर्नी जीनिन पिरो शनिवार को हुए व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स डिनर शूटिंग मामले के आरोपी कोल टोमस एलन के पास मिली शॉटगन की तस्वीर दिखाती हुईं।

घटना में एक सीक्रेट सर्विस अधिकारी घायल हुआ, लेकिन बुलेटप्रूफ जैकेट होने से उसकी जान बच गई। अधिकारी यह जांच कर रहे हैं कि चली गोली आरोपी के हथियार से थी या नहीं। ऋइकने कहा कि आरोपी ने एक ईमेल भी तैयार किया था, जिसमें प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को निशाना बताया गया था। हमले के करीब डेढ़ घंटे बाद ट्रम्प ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा- अमेरिका के संविधान पर हमला हुआ। सीक्रेट सर्विस ने मेरी जान बचाई। सुरक्षाकर्मियों ने बहादुरी से काम किया। जिस अफसर को गोली लगी, वह सुरक्षित है। उसने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी थी। हमलावर के पास पावरफुल गन थी।


### डिनर के दौरान फायरिंग करने वाला शख्स कौन


रिपोर्ट के मुताबिक, हमलावर की पहचान 31 साल के कोल टॉमस एलन के रूप में हुई है। वह अमेरिका के कैलिफोर्निया का है। पब्लिक रिकॉर्ड्स के अनुसार, एलन पार्ट-टाइम टीचर और वीडियो गेम डेवलपर था। उसकी प्रोफाइल के मुताबिक, वह दिसंबर 2024 में ह्यटीचर ऑफ द मंथह्ल चुना गया था। उसने कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेकनोलॉजी से 2017 में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया। पिछले साल कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी डोमिंगुएज हिल्स से कंप्यूटर साइंस में मास्टर्स डिग्री हासिल की थी।

### चश्मदीद बोले- तेज धमाके की आवाज सुनी

व्हाइट हाउस चीफ कॉरस्पॉन्डेंट कैटलिन कोलिंस ने बताया, हम हिल्टन के बॉलरूम के अंदर थे। गोलियों की आवाज सुनाई देने के कुछ ही मिनटों के अंदर एजेंटों ने कमरे को घेर लिया और मुख्य गलियारे से दौड़ते हुए अंदर आए। क्योंकि कैबिनेट के अधिकारी पूरे कमरे में अलग-अलग जगहों पर बैठे थे, इसलिए उनमें से कई लोग जमीन पर ही लेटे रहे और जब राष्ट्रपति को मंच से बाहर निकाला जा रहा था, तब तक वे मेजों के नीचे दुबके रहे। कॉरेस्पॉन्डेंट्स डिनर मीडिया और राजनीति का एक एक खास सालाना कार्यक्रम होता है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. खटपट, ठनाठनी-4
4. पंजाब की एक नदी-4
6. चित्रकमेल, लम्बी गर्दनवाला पशु-3
8. दंड, दम, शामन-3
9. धरा, भूमि-3
11. शासन व्यवस्था, रहस्य-2
13. नवचंद्राकार-5
15. अकेला-2
16. दया, करूणा-3
18. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
19. देवर्षि, देवमुनि-3
20. देवर्षि, देवमुनि-3
22. कुएं पर पानी भरने का चबूतरा-4

**ऊपर से नीचे**

1. गुनाह, दोष, जुर्म-3
2. अपराधमुक्त, निवृत्त-2
3. सौत, दूसरी स्त्री-3
4. होशियार, गुणवान-5
5. भूकम्प-4
7. भेद, तुलना-3
10. परिचर्या-5
12. स्वभाव-4
14. स्थित होना-3
17. श्मशान-4
18. गृह, भवन-3
21. जीवन, जीव, स्फूर्ति-2

**पिछले वर्ग पहेली का हल**



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | | 2 | | 15 | | 3 | = | 60 |
| | | | | | | | | |
| 25 | | 5 | | 2 | | 5 | = | 5 |
| | | | | | | | | |
| 5 | | 20 | | 2 | | 12 | = | 38 |
| | | | | | | | | |
| 10 | | 5 | | 10 | | 5 | = | 15 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 33 | | 22 | | 5 | | 15 | = | 12 / 70 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व | क | दो | यु | ला | प | व | रे | ली | झ | क |
| ज | ल | ल | प | आ | रि | पू | ना | दि | शा | ऊ |
| अं | इ | रा | म | सं | ग | ल | श | र | न | ल |
| क | कु | दा | म | धा | व | रा | प | ख | श | र |
| क | ति | ब | न | पु | क | र | ल | ग | वी | इ |
| ब | स्ती | ल | लि | व | र | र्त | ऐ | ढ़ | प | ला |
| ती | अ | ल | श | या | प | म | ग | कौ | ला | ह |
| क | ली | अ | ब | त | क | म | प्प | न | श | बा |
| क | ग | थो | तें | ब | ज | ज | द | शा | जू | द |
| द | ढ़ | ल | प | आ | रं | र्त | ऐ | यें | प | रु |
| थो | त | सा | वि | ज | नौ | र | जा | एं | प | क |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 1 | | 2 | |
| 3 | 29 | 6 | 37 | | 31 | 1 |
| | 2 | | | 5 | 6 | |
| 5 | 30 | 1 | 30 | 4 | 31 | 6 |
| | 6 | | | | 3 | 2 |
| 2 | 33 | 4 | 31 | 3 | 30 | 7 |
| | 1 | | 5 | | 4 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# ममता के घर में सुवेंदु की 'नंदीग्राम' वाली घेराबंदी

2021 में ममता नंदीग्राम सीट से चुनाव लड़ रही थीं। प्रचार के दौरान पैर में चोट लगी। इसके बाद व्हीलचेयर पर नजर आईं। उसी पर बैठकर 5 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। तब ममता ने कहा था- घायल शेर ज्यादा खतरनाक होता है।

चुनाव म आज, यानी 29 अप्रैल को दूसरे फेज में 142 सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं। नजर भवानीपुर सीट पर भी है। मुकाबले में वही दोनों हैं, ममता और सुवेंदु। भवानीपुर ममता का घर है। यहां से सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड उनके खाते में है। सुवेंदु अधिकारी नंदीग्राम के अलावा भवानीपुर से भी चुनाव लड़ रहे हैं। वे ममता को फिर हराएंगे या दीदी पिछली हार का बदला लेंगीं, ये 4 मई को पता चलेगा। भवानीपुर में ममता ने सुवेंदु के मुकाबले कम सभाएं की हैं। वे प्रचार के लिए पूरे बंगाल में एक्टिव रहीं। 8 अप्रैल को नामांकन के बाद भवानीपुर में 4 बड़ी सभाएं और 3 पदयात्रा कीं। जोर पदयात्रा और नुक्कड़ सभाओं पर ही रहा। डोर टू डोर कैंपेन की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं ने संभाली।





## भवानीपुर में दीदी से तीन गुना ज्यादा वक्त रहे, दो गुना सभाएं-रोड शो किए

### नंदीग्राम में ममता की हार पर लोग बोले- पहलवान भी कभी-कभी हारता है

25 अप्रैल को ममता अपने गढ़ में पैदल प्रचार पर निकलीं। वही पुराना अंदाज, सफेद साड़ी और हवाई चप्पल। रास्ते में जो मिलता, उससे हाथ मिलातीं। लोगों को देखकर हाथ हिलातीं। महिलाओं से जाकर मिलतीं। ये रैली एल्गिन रोड इलाके में थी। हम पहुंचे तब इसकी तैयारी चल रही थी। पोस्टर लेकर महिलाएं आगे खड़ी थीं, जबकि पुरुष कार्यकर्ता पीछे थे। वजह पूछने पर एक महिला बोलीं, ह्यमां दुर्गा महिला शक्ति का प्रतीक हैं। दीदी भी हमेशा आगे रहना पसंद करती हैं।ह्न

आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर का जिक्र करने पर बोलीं, ह्यहमने उस केस में विरोध प्रदर्शन किया था। पीड़ित डॉक्टर की मां चुनाव लड़ रही हैं, भले ही वे दूसरी पार्टी से हों, लेकिन वे चुनाव जीतें। उन्हें न्याय मिलना चाहिए।ह्न

कुछ देर में ममता बनर्जी की पदयात्रा गुजरने वाली थी। जय बांग्ला के नारे लग रहे थे। भीड़ में खड़ी एक लड़की बोली- ह्ययहां दादा के लिए कोई जगह नहीं है। बांग्ला हमारी पहचान है। जो बंगाली नहीं जानते, वे यहां नहीं टिक सकते।ह्न हालांकि, उसी सड़क पर कुछ कदम पीछे खड़े एक बुजुर्ग कहते हैं, ममता अब नहीं चलेगी। पेशे से टीचर मधुश्री कौर कहती हैं कि अभी बता पाना मुश्किल है कि बदलाव होगा या नहीं। चुनाव आयोग ने अच्छा काम किया है। फिर भी लोगों में डर का माहौल है। वहीं, सविता कर्मकार जोर देकर कहती हैं कि कोई बदलाव नहीं होगा। लोगों को दीदी की योजनाओं का फायदा मिल रहा है। किसी को भूखा नहीं रहना पड़ता। युवाओं को काम मिला है।

इलाके के एक बुजुर्ग नंदीग्राम में ममता की हार पर हंसते हुए बोले, ह्यपहलवान भी कभी-कभी हारता है। वहां मिसमैनेजमेंट की वजह से हारे थे। इस बार रिजल्ट अच्छा होगा। विपक्ष के लिए यहां ज्यादा जगह नहीं है।

---

बंगाल चुनाव 2026

## ममता सिर्फ 1956 वोट से हारीं नंदीग्राम

**चुनाव रिजल्ट 2021**



| | |
|---|---|
| जीत | हार |
| सुवेंदु अधिकारी | ममता बनर्जी |
| BJP | TMC |
| 1,10,764 (48.7%) | 1,08,808 (47.9%) |


जीत का मार्जिन: 1,956

सोर्स: INDIAVOTES.COM


---

बंगाल चुनाव 2026

## भवानीपुर सीट




मौजूदा विधायक:
**ममता बनर्जी**



**भवानीपुर की खास बातें**

- गुजराती, मारवाड़ी, पंजाबी, बिहारी और बंगाली समुदाय साथ रहते हैं
- यहां 42% बंगाली हिंदू, 34% गैर-बंगाली हिंदू और 24% मुस्लिम आबादी है
- ममता का घर इसी सीट में आता है, ममता यहां से तीन बार जीत चुकी हैं, इनमें से दो बार उपचुनाव लड़ी थीं



- BJP ने **सुवेंदु अधिकारी** को ममता के खिलाफ उतारकर भवानीपुर को सबसे बड़ी 'ईगो फाइट' बना दिया है, 2021 में सुवेंदु ने नंदीग्राम में ममता को हराया था
- साउथ कोलकाता के सबसे महंगे इलाके जैसे एल्गिन रोड, वुडबर्न पार्क इसी सीट में आते हैं

---


बंगाल चुनाव 2026

## भवानीपुर में कभी नहीं हारी TMC

परिसीमन के बाद 2011 में भवानीपुर में पहली बार चुनाव हुए

तीन चुनाव और दो उपचुनाव हुए, हर बार TMC को जीत मिली

**चुनाव रिजल्ट 2021**



| | |
|---|---|
| जीत | हार |
| शोभनदेव चट्टोपाध्याय | रूद्रनील घोष |
| TMC | BJP |
| 73,505 (58.4%) | 44,786 (35.6%) |

जीत का मार्जिन: 28,719

■ वर्ष-12 अंक-175 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

य: सम: सर्वभूतेषु विरागी गतमत्सर:।
जितेन्द्रिय: शुचिर्दक्ष: सदाचार समन्वित:।।

**भावार्थ** : गुरु सब प्राणियों के प्रति वीतराग और मत्सर से रहित होते हैं। वे जीतेन्द्रिय, पवित्र, दक्ष और सदाचारी होते हैं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 29 अप्रैल, 2026

गुकारस्त्वन्धकारस्तु रुकार स्तेज उच्यते।
अन्धकार निरोधत्वात गुरुरित्यभिधीयते।।

**भावार्थ** : गुह्णकार याने अंधकार, और रुह्णकार याने तेज; जो अंधकार का निरोध (ज्ञान का प्रकाश देकर अंधकार को रोकना) करता है, वही वास्तव में गुरू कहलाता है।

## सम्पादकीयम्

### दबावः व्यर्थः सिद्धः

अतः पूर्वं ईरानीदेशस्य एकः वरिष्ठः अधिकारी सामाजिकमाध्यमेषु प्रकाशितवान् यत् तेषां सैनिकाः होरमुज्-नगरस्य समीपे गुहानां अन्तः सज्जाः सज्जाः च सन्ति। एते वचनानि स्पष्टतया सूचयन्ति यत् उभयपक्षः सक्रियरूपेण परस्परं उत्तेजयति। परन्तु वर्तमानस्य अत्यन्तं अस्थिरस्थितिं दृष्ट्वा एतादृशानां कायाणां गम्भीराः परिणामाः भवितुम् अर्हन्ति। इ तबूला प्रायोजित लिङ्क डव टअ छक्ड्ए इति भवतु २०२६ प्रतिवेदनम्: भवतः चयापचयः सुरक्षितरूपेण अस्ति वा नित्यं एतत् कुरुत अमेरिकी स्वास्थ्य संस्थान कठोरनाकाबन्दी : होर्मुज जलडमरूमध्यद्वारा समुद्रीययानयानं सम्प्रति पूर्णतया स्थगितम् अस्ति। अमेरिकी-नौसेना तेहरान-नगरस्य बन्दरगाहान् अवरुद्धवन्तः, प्रतिकाररूपेण इरान्-देशः कस्यापि जहाजस्य खाड़ी-देशं गन्तुं नकारयति। सक्रिययुद्धं प्रचलति स्म तदा अपि एतादृशी स्थितिः न उत्पन्ना आसीत्। तस्मिन् काले केषाञ्चन जहाजानां होर्मुज्-जलसन्धितः गन्तुं अनुमतिः व्यत्ययेन दत्ता। दबावः व्यर्थः सिद्धः: अमेरिका-इरान्-देशयोः परस्परं सीमायाः परीक्षणं भवति, तस्य मूल्यं च विश्वं ददाति। ट्रम्प-प्रशासनस्य दावानुसारं, तस्य नाकाबन्दीयाः परिणामेण तेहरान-देशस्य दैनिकं ५० कोटि-डॉल-रूप्यकाणां हानिः भवति। आर्थिकदबावं कृत्वा ट्रम्पस्य उद्देश्यं स्वशर्तैः इराणं वातार्मेजं प्रति बाध्यं कर्तुं वर्तते। परन्तु वषाणां यावत् पाश्चात्त्यप्रतिबन्धानां कारणेन इरान्देशः एतादृशपरिस्थितेः प्रति असंवेदनशीलः अभवत्।

**महाकालस्य 'लड्डू' प्रसादः यन्त्रैः निर्मितः भविष्यति**

# घटिया गुणवत्ता हेतु 25 लाख तक भारी दण्ड



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मन्दिरे अर्पितः विश्वप्रसिद्धः 'लड्डू' प्रसादः अधुना आधुनिकप्रौद्योगिक्याः चालितः नूतनयुगे प्रवेशं कर्तुं निश्चितः अस्ति। मन्दिरप्रबन्धनसमित्या अत्याधुनिकयन्त्राणां उपयोगेन एतेषां लड्डूणां उत्पादनस्य सज्जता आरब्धा यत् भक्ताः उत्तमगुणवत्तायाः स्वच्छतायाः च प्रसादं प्राप्नुयुः इति सुनिश्चितं भवति। अस्य कृते प्रायः ४० कोटिरूप्यकाणां निविदा जारीकृता अस्ति, यदा तु त्रिवेणीसङ्ग्रहालयस्य समीपे भोजनशाला (सामुदायिकपाकशाला) परिसरस्य अन्तः आधुनिकं लड्डूप्रसाद-उत्पादन-एककं-२० कोटि-रूप्यकाणां व्ययेन निर्मितं-स्थापनं कृतम् अस्ति २०२८ तमस्य वर्षस्य आगामिसिंहस्थमहापर्वस्य (कुंभमेला) मनसि कृत्वा एषा उपक्रमः कृता अस्ति; उज्जैननगरं प्रति कोटिकोटिभक्ताः आकर्षयिष्यन्ति इति अपेक्षा आसीत्, येन प्रसादस्य माङ्गल्याः बहुविधः उदयः अभवत्।

मन्दिरप्रशासनस्य अनुसारं महाकालमन्दिरे सम्प्रति लड्डूप्रसादस्य दैनिकं प्रायः ५० क्विण्टलस्य सेवनं भवति-एतत् आकङ्क्षणं विशेषपर्वसु शुभप्रसङ्गेषु १०० क्विण्टलपर्यन्तं भवति प्रसादस्य गुणवत्तां युगपत् निर्वाहयन् एतादृशी विशालमात्रायां आपूर्तिः महत्त्वपूर्णा आव्हाना अभवत्। फलतः आधुनिकयन्त्राणां उपयोगेन बृहत्प्रमाणेन उत्पादनं कर्तुं योजना कल्पिता अस्ति, येन प्रसादस्य उपलब्धतायाः, स्वच्छतायाः, स्वादस्य च मध्ये सामञ्जस्यपूर्णं सन्तुलनं सुनिश्चितं भवति।

अधुना यावत् मुख्यमन्दिरात् प्रायः ८ किलोमीटर दूरे स्थिते चिन्तामणिगणेशमन्दिरसङ्कुले लड्डूप्रसादस्य निमार्णं भवति स्म। परन्तु नूतन-एककस्य समाप्तेः सति सम्पूर्णा उत्पादन-प्रक्रिया दूरतरं सुव्यवस्थिता, प्रौद्योगिक्याः उन्नता च भवितुम् अर्हति। ५०,००० वर्गफीट् क्षेत्रे विस्तृते अस्मिन् सुविधायां तहखाना, भूतलः, प्रथमतलः च सन्ति, यत्र स्वचालितयन्त्राणां उपयोगेन लड्डू-वृक्षाणां सामूहिकरूपेण उत्पादनं भविष्यति एतत् संक्रमणं न केवलं उत्पादनक्षमतां वर्धयिष्यति अपितु हस्तश्रमस्य उपरि निर्भरतां न्यूनीकरिष्यति, येन अधिकप्रभाविणः गुणवत्तानियन्त्रणपरिपाटाः सक्षमाः भविष्यन्ति इति अपेक्षा अस्ति मन्दिरस्य उपप्रशासकायाः सिम्मी यादवस्य मते ताः एव कम्पनयः अस्मिन् निविदाप्रक्रियायां भागं ग्रहीतुं योग्याः।

**डब्ल्यूसीआर मध्ये**

# यात्रीसुरक्षासुरक्षा च सर्वोपरि

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

पश्चिममध्यरेलवे इत्यस्य महाप्रबन्धकेन उक्तं यत् तस्य प्राथमिकं ध्यानं यात्रिकाणां सुरक्षां सुरक्षां च प्राथमिकताम् अददात् अञ्चलस्य अन्तः नवीनतां प्रवर्धयितुं वर्तते। मुख्यालयस्य विभागीयस्तरस्य च नियमितनिरीक्षणद्वारा उत्तमरेलसञ्चालनं उत्तमसेवा च सुनिश्चित्य प्रयत्नाः क्रियन्ते। महाप्रबन्धकः दिलीपकुमारसिंहः पत्रकारैः सह संवादं कुर्वन् एतानि टिप्पण्यानि अकरोत्।

सः सूचितवान् यत् नूतनानां रेलमार्गपरियोजनानां, आधारभूतसंरचनानिर्माणकार्यस्य, अमृतस्थानकयोजनायाः अन्तर्गतं रेलस्थानकानाम् पुनर्विकासाय च विशेषप्रयत्नाः प्रचलन्ति, तथैव यात्रिकसुविधानां विस्ताराय, सुरक्षाप्रोटोकॉलानाम्, नवीनतायाः च प्रवर्धनाय च विशेषप्रयत्नाः प्रचलन्ति। मुख्यालयस्य विभागीयस्तरस्य च नियमितनिरीक्षणेन रेलसञ्चालनस्य उन्नतिः उत्तमसेवाप्रदानं च सुनिश्चितं भवति। पश्चिममध्यरेलवे मालवाहनभारः, यात्रिकाणां परिमाणं, राजस्वं च इति क्षेत्रेषु उल्लेखनीयवृद्धिः अभवत्।

वित्तवर्षं २०२५-२६ पश्चिममध्यरेलवे कृते उपलब्धिभिः परिपूर्णं वर्षं सिद्धम् अभवत्, यत्र आधारभूतसंरचनानां आगमनं, नवीनरेखानिमार्णं, पटलस्य द्विगुणीकरणं/त्रिगुणीकरणं, रेलमार्गस्य उड्डयनमार्गस्य निमार्णं, स्क्रैपविक्रयणं, यात्रिकसुविधानां विस्तारः, सुरक्षितं सुचारुतया च रेलयानसञ्चालनं, प्रौद्योगिकीनवाचाराः च सन्ति महाप्रबन्धकः अवलोकितवान् यत् स्क्रैपस्य निष्कासनद्वारा संसाधनानाम् कुशलप्रबन्धनद्वारा अतिरिक्तराजस्वं प्राप्तम्। पश्चिममध्यरेलवे ५८.०७ मिलियनटन मालवाहनस्य भारं कृत्वा।

## लद्दाखनगरे पञ्च नवीनजिल्ह्याः घोषणाः; कुलम् अधुना

ब्रह्मास्त्र ›› लेह

केन्द्रीयक्षेत्रे लद्दाखे प्रशासनिकरूपरेखां सुदृढं कर्तुं प्रमुखं पदानि गृहीतम् अस्ति। उपराज्यपालः विनैकुमारसक्सेना पञ्च नवीनजिल्हानां निमार्णार्थं अधिसूचनाम् अनुमोदितवती अस्ति। अनेन निर्णयेन लद्दाखस्य मण्डलानां संख्या द्वितः सप्तपर्यन्तं वर्धते। लद्दाखस्य कृते एतत् ऐतिहासिकं दिवसं वर्णयन् उपराज्यपालः अवदत् यत् एषः निर्णयः दीर्घकालीनस्थानीयमागधान् पूरयिष्यति, जनानां आकांक्षान् च सम्बोधयिष्यति। नवीनजिल्हेषु नुब्रा, शाम्, चाङ्गथाङ्ग, जनस्कर, द्रास् च सन्ति; तेषां निमार्णेन दूरस्थक्षेत्रेषु प्रशासनिकप्रसारस्य महत्त्वपूर्णं सुधारः भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति। एते पञ्च नवजिल्हाः भविष्यन्ति नुब्रा शम् चाङ्गथाङ्ग जंसकार द्रसः एतेषां पञ्चानां नूतनानां मण्डलानां निमार्णेन अधुना लद्दाख-नगरे द्वयोः स्थाने सप्तमण्डलानि।

## राशिफल

**मेष** : आज आपके अंदर पॉजिटिव एनर्जी बनी रहेगी और कमाई के नए रास्ते खुलते दिख रहे हैं।

**वृषभ** : आज मन थोड़ा परेशान और बेचैन रह सकता है। बिना वजह डर या घबराहट महसूस हो सकती है।

**मिथुन** : अभी यात्रा करने से बचें तो बेहतर रहेगा। इन दिनों सिर्फ किस्मत के भरोसे काम न करें, मेहनत जरूरी है।

**कर्क** : हालात थोड़े उल्टे लग सकते हैं, लेकिन इसी बीच फायदा भी मिलेगा। कामकाज मजबूत होगा।

**सिंह** : भाग्य आपका साथ देगा और कामकाज में तरक्की के संकेत हैं। नौकरी या बिजनेस में ग्रोथ होगी।

**कन्या** : आज पैसा सोच-समझकर खर्च करें, नुकसान के संकेत हैं। निवेश करने से बचें और अपनी बातों पर कंट्रोल रखें।

**तुला** : समय थोड़ा परेशान करने वाला रह सकता है। चोट लगने या किसी परेशानी में फंसने के योग हैं, इसलिए सावधानी रखें।

**वृश्चिक** : आज आप हिम्मत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगे। कामकाज में सफलता मिलेगी।

**धनु** : जीवनसाथी का पूरा साथ मिलेगा और कामकाज में भी तरक्की होगी। लेकिन मन थोड़ा परेशान रहेगा।

**मकर** : आप अपने दुश्मनों पर भारी पड़ेंगे और ज्ञान में बढ़ोतरी होगी। बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा।

**कुंभ** : धन, प्यार और बच्चों के मामले में समय बहुत अच्छा है। हर तरफ से सपोर्ट मिलेगा।

**मीन** : आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। प्यार, बच्चों, बिजनेस और पार्टनरशिप में दिक्कतें आ सकती हैं।

## ज्योतिष/वास्तु

# मांगलिक दोष से राहत पाने के लिए जरूर अपनाएं ये 5 सरल उपाय

कुंडली में मांगलिक दोष होने के कारण व्यक्ति कई तरह की समस्याएं झेलता है। विशेषतौर पर विवाह मार्ग में कई तरह की बाधाएं आती हैं।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, कुंडली में मंगल ग्रह की विशेष स्थिति के कारण बनने वाले मांगलिक दोष का प्रभाव व्यक्ति के जीवन पर पड़ता है। मान्यता है कि, इस दोष के कारण विवाह में देरी, रिश्तों में तनाव और भूमि-भवन के काम में उतार-चढ़ाव देखने को मिलते हैं। हालांकि, इसका खास असर विवाह योग पर पड़ता है। कहते हैं कि, मंगल दोष के कारण अक्सर शादी-विवाह के काम में दिक्कतें आती हैं। साथ ही कार्यों को पूरा करने में सामान्य से अधिक प्रयास करने पड़ते हैं। लेकिन शास्त्रों में इसके कई सरल और प्रभावी उपाय बताए गए हैं, जिन्हें श्रद्धा और नियम के साथ करने से मंगल दोष के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आइए जानते हैं।




**मांगलिक दोष क्या होता है-** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जब कुंडली में मंगल ग्रह 1, 4, 7, 8 या 12वें भाव में स्थित होता है, तो इसे मांगलिक दोष माना जाता है।

**मंगलवार का व्रत रखें-** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मंगलवार का दिन भगवान हनुमान और मंगल ग्रह को समर्पित होता है। इस दिन व्रत रखकर हनुमान जी की पूजा करें। इससे मंगल दोष शांत होता है।

**हनुमान जी की उपासना करें-** हर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ करने से जीवन में कई बदलाव आते हैं। इस दिन आप प्रभु को सिंदूर व चमेली का तेल अर्पित करें। इससे मंगल ग्रह के अशुभ प्रभाव कम होते हैं।

**दान-पुण्य करें-** आप मसूर की दाल, गुड़ और अन्य लाल चीजों का दान करें। यह उपाय मंगल को प्रसन्न करता है और कष्टों को कम करता है।

**मंगल शांति पूजा और यंत्र स्थापना-** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, मंगल ग्रह को शांत करने के लिए वैदिक मंत्रों का जाप, हवन और मंगल यंत्र की स्थापना कर सकते हैं। इससे दोष धीरे-धीरे शांत होने लगते हैं।

**पीपल विवाह-** कहते हैं कि, विवाह से पहले पीपल के पेड़ से गुप्त रूप से विवाह करने से भी मांगलिक दोष का प्रभाव कम हो सकता है। हालांकि, इसे हमेशा ज्योतिषियों की सहायता व विधि-विधान से ही करना चाहिए।

**मंगल ग्रह मंत्र**

ऊँ धरणीगर्भसंभूतं विद्युतकान्तिसमप्रभम।
कुमारं शक्तिहस्तं तं मंगलं प्रणमाम्यहम।।

मंगल गायत्री मंत्र

ॐ अंगारकाय विद्महे शक्ति हस्ताय धीमहि तन्नो भौमः प्रचोदयात्।।

मंगल चंडिका मंत्र

ॐ ह्रीं श्रीं कलीम सर्व पुज्ये देवी मंगल चण्डिके ऐं क्रू फट् स्वाहा

ॐ ह्रीं श्रीं कलीम सर्व पुज्ये देवी मंगल चण्डिके हूँ हूँ फट् स्वाहा

## खबर एक नजर...

### पारिवारिक विवाद में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम नलवा में रहने वाले सुरेश पिता परमानंद सिसौदिया को देर शाम उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। सुरेश ने जहरीला पदार्थ खाया था। जिसकी हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने भर्ती किया। बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद होने पर सुरेश ने मवेशियों का पेट साफ करने का कीटनाशक पी लिया है। हालत गंभीर होने पर ड्युटी कंपाउंडर द्वारा मामले की सूचना चिंतामण थाना पुलिस को दी गई है। सुरेश की हालत में सुधार आने पर पुलिस बयान दर्ज करेगी।

### महिलाओं के विवाद में परिवारों 2 पक्षों में चले लात-घूंसे

**उज्जैन।** जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के ग्यारसी नगर में रहने वाली सीमा पति करण कटारिया 35 साल का मायके आई बरखा पति मंगेश सेन से पारिवारिक बात को लेकर विवाद हो गया। सीमा ने समीर, जगदीश और रंजीत के साथ मिलकर मारपीट कर दी। बरखा मारपीट होने पर पति मंगेश निवासी सेठीनगर को बुला लिया। मंगेश दोस्त संदीप परिहार के साथ ग्यारसी नगर पहुंचा। जहां मंगेश और संदीप ने मिलकर सीमा के परिजनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटनाक्रम में दोनों पक्षों को चोंट लगी। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने सीमा कटारिया की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया। वहीं घायल बरखा उसके पति मंगेश और दोस्त संदीप के अस्पताल में भर्ती होने पर एसआई जसवंतसिंह राजपूत ने अस्पताल पहुंच घायलों के बयान दर्ज कर क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया।

### छत्रीचौक और मिचीर्नाला से पकडाये सट्टा खाईवाल

**उज्जैन।** खाराकुआ थाना क्षेत्र के छत्रीचौक गार्डन और मिचीर्नाला क्षेत्र में 2 युवकों द्वारा सट्टा खाईवाली की जा रही थी। मामले की सूचना मिलने पर एसआई लिवान कुजूर टीम के साथ छत्री चौक गार्डन पहुंचे और सट्टा खाईवाली कर युवक को हिरासत में लिया। जिसके पास से सट्टा अंक पर्ची और कुछ नगद राशि बरामद कर पूछताछ की गई। उसने अपने साथी द्वारा मिचीर्नाला क्षेत्र में खाईवाली की बात कबूल की। पुलिस टीम मिचीर्नाला पहुंची और दूसरे साथी को भी हिरासत में लेकर सट्टा अंक पर्ची बरामद की। दोनों के खिलाफ सट्टा एक्ट अधिनियम की धारा 4 (क) का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### जामफल के खेत में आग लगाने पर भिड़े 2 पक्ष

**उज्जैन।** बड़नगर तहसील के ग्राम कजलाना झालरिया मार्ग पर सय्यद सादिक पिता मुबारिक अली और उसके भाई सय्यद इमरान अली का खेत है। जहां दोनों भाई जामफल की खेती करते है। दोनों के खेत में आग लग गई। इसी बात पर दोनों का परिवार आमने-सामने हो गया और जामफल के बगीचे में आग लगाने का आरोप लगाते हुए मारपीट की। दोनों ने थाने पहुंचकर एक-दूसरे के खिलाफ आग लगाकर नुकसान करने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस का कहना था कि मामले की जांच शुरू की गई है। आग कैसे लगी इसका पता जल्द लगा लिया जायेगा।

### बाइक सवार 2 युवकों के पास मिले खटकेदार चाकू

**उज्जैन।** अपराधों पर अंकुश बनाये रखने के लिये पुलिस रात्रि गश्त में संदिग्धों की तलाशी लेकर पूछताछ कर रही है। सोमवार-मंगलवार रात नागझिरी थाना पुलिस ने गश्त के दौरान जागृति ढाबा के सामने बाइक क्रमांक एमपी 13 झेड क्यू 7484 पर सवार दो युवकों का रोका और पूछताछ की तो उन्होने अपने नाम समीर दास और अंकित होना बताये। पुलिस ने उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 2 खटकेदार चाकू बरामद हो गये। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर बाइक जप्त की है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 469-9 | 224-8 |
| मेन बाजार | 238-3 | 247-3 |
| मिलन डे | 144-9 | 599-3 |
| मिलन नाइट | 137-1 | 289-9 |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | 6 | 9 |

### बड़नगर मार्ग पर ग्राम नलवा-चंदूखेड़ी के बीच आयशर और पानी के टैंकर में भिड़ंत

# चालक को निकालने के लिये बुलाई जेसीबी, कुछ देर बाद मौत





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बड़नगर मार्ग पर ग्राम नलवा-चंदूखेड़ी के बीच मंगलवार दोपहर आयशर और पानी के टैंकर में भिड़ंत हो गई। आयशर चालक को निकालने के लिये जेसीबी बुलाई गई। चेन बांधकर क्षतिग्रस्त हिस्से का खींचा गया और चालक को बाहर निकाला। लेकिन उसकी जान नहीं बच पाई।

चिंतामण थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि दोपहर में ग्राम नलवा-चंदूखेड़ी से गुजर रहे देवास-बदनावर हाइवे पर किनारे पर लगे पौधों में टैंकर के माध्यम से पानी दिया जा रहा था। उसी दौरान तेजगति से आ रही आयशर टैंकर के पिछले हिस्से से टकरा गई, हादसा काफी भीषण था। टैंकर पलटी खा गया और आयशर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें चालक फंस गया था। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। गंभीर घायल हो चुके चालक को बाहर निकालने के लिये जेसीबी बुलाई गई और उसमें लोहे की चेन बांधकर क्षतिग्रस्त हिस्से को खींचा गया। ग्रामीणों ने चालक को बाहर निकाला, उसके दोनों पैर पूरी तरह से टूट चुके थे। हालत गंभीर होने पर चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां नाजुक स्थिति में एम्बुलेंस से इंदौर रैफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों को सूचना देने का प्रयास किया जा रहा है।

#### कार चालक लेकर पहुंचा था चरक अस्पताल

बड़नगर का रहने वाला अर्पित नागर दुर्घटनास्थल से गुजर रहा था। उसने घटनाक्रम देखा तो रूक गया। आयशर चालक को बाहर निकालने के बाद एम्बुलेंस को कॉल किया गया। लेकिन 1 घंटे तक एम्बुलेंस नहीं पहुंची। अर्पित नागर अपनी कार से घायल को चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। अर्पित के अनुसार घायल चालक का नाम विवेक यादव निवासी जौनपुर प्रयागराज सामने आया था। उसके परिजनों को सूचना दी गई है। वहीं थाना प्रभारी हेमराज यादव का कहना था कि आयशर नम्बर से मालिक का पता लगाकर सूचना दी गई है। बुधवार सुबह उनके उज्जैन पहुंचने पर चालक के संबंध में पूरी जानकारी सामने आ पायेगी।

#### कटनी से राणापुर जा रही थी आयशर

बताया जा रहा है कि चालक कटनी से आयशर में चावल भरकर अलीराजपुर के राणापुर के लिये निकाला था। हाइवे से गुजरते समय रफ्तार तेज होने पर पानी के टैंकर में पीछे से टकरा गया। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिये हाइवे पर यातायात प्रभावित हो गया था। चालक को बाहर निकालने के बाद दोनों वाहनों को मार्ग से हटाकर यातायात का शुरू किया गया।

## पानबिहार में मिली 4 माह से लापता बालिका

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

तराना तहसील की रहने वाली नाबालिग दिसबर 2025 में लापता हो गई थी। परिजनों ने रिश्तेदारी में तलाश करने के बाद अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसला कर ले जाने की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। मामला नाबालिग से जुड़ा होने पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि तहसील का रहने वाला गोविंद नामक युवक भी लापता है। संभवतः वहीं नाबालिग को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया है। चार माह से लगातार पुलिस दोनों की तलाश कर रही थी। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मंगलवार सुबह पता चला कि नाबालिग के साथ गोविंद पानबिहार क्षेत्र में छुपा हुआ है। थाना प्रभारी रामनारायण सिंह भदौरिया ने एएसआई बसंती अमलियार, आरक्षक अर्चित शर्मा, आरक्षक आनंद और महिला आरक्षक रविना पाटीदार की टीम को पानबिहार रवाना किया। जहां एक मकान से दोनों को दस्तयाब कर लिया गया। तराना लाने पर सामने आया कि गोविंद शादी का झांसा देकर ले गया था, उसने गलत काम किया है। थाना प्रभारी के अनुसार नाबालिग के बयान पर मामले में दुष्कर्म की धारा का इजाफा किया गया है। युवक से पूछताछ जारी है। बुधवार दोपहर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

## निजी स्कूल संचालकों का जिला महासम्मेलन 3 मई को

### आरटीई भुगतान, मान्यता और नई शिक्षा नीति पर होगी महत्वपूर्ण चर्चा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अशासकीय शाला प्रतिनिधि संगठन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में उज्जैन जिले के समस्त निजी विद्यालय संचालकों एवं डायरेक्टर्स को आमंत्रित किया गया है।

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य आरटीई से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार करना है। प्रमुख बिंदुओं में आरटीई भुगतान समय पर सुनिश्चित करना, नोडल अधिकारी का समय पर निर्धारण तथा सत्यापन प्रक्रिया को त्वरित बनाना शामिल है।

इसके अलावा सत्र 2026-27 में पुस्तकों से संबंधित पालकों द्वारा विद्यालयों के विरुद्ध की जा रही शिकायतों के संदर्भ में रणनीति बनाई जाएगी। साथ ही, 5 वर्ष या उससे अधिक समय से संचालित विद्यालयों की स्थायी मान्यता हेतु भी कार्ययोजना पर विचार किया जाएगा। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यालयों के प्रभावी संचालन के विषय में भी विस्तृत चर्चा की जाएगी।

यह जिला महासम्मेलन दिनांक 3 मई 2026 (रविवार) को प्रातः 11:00 बजे बैंकटेश (इस्कॉन) मंदिर, उज्जैन में आयोजित होगा।

अशासकीय शाला प्रतिनिधि संगठन के संस्था प्रधान सुरेंद्र मोहन अग्रवाल, विक्रम सिंह राठौर, मनीष भारद्वाज, अमित मेहता, महेंद्र पाटीदार, भारत सिंह चौधरी ने सभी निजी विद्यालय संचालकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है। यह जानकारी शहर जिला संयोजक महेंद्र कुमार पाटीदार ने दी।

### रात का न्यूनतम पारा भी रिकार्ड तोड़ने को आतूर

# पांच साल बाद 43 डिग्री सेल्सियस पहुंचा अधिकतम तापमान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



दिन में पड़ रही भीषण गर्मी के बाद अब रात का न्यूनतम तापमान भी रिकार्ड तोड़ने पर आतूर दिखाई दे रहा है। सोमवार-मंगलवार रात न्यूनतम 26 डिग्री दर्ज किया गया है। इस सीजन में 25 अप्रैल को अधिकतम तापमान पांच साल बाद 43 डिग्री दर्ज हुआ है।

अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में बारिश, ओलावृष्टि से मौसम बदला हुआ था और तापमान 35 डिग्री के आसपास बना हुआ था। लेकिन 20 अप्रैल के बाद तापमान में तेजी आना शुरू हो गई। 40 डिग्री के आसपास पहुंच चुके अधिकतम तापमान ने 25 अप्रैल को 43 डिग्री पर दस्तक दी। जो पिछले पांच सालों में सबसे अधिक होना सामने आया। अधिकतम में आई तेजी के साथ रात का न्यूनतम पारा भी गति पकड़ने लगा है। 27-28 अप्रैल की रात न्यूनतम 26 डिग्री दर्ज किया गया, जो इस सीजन का सबसे अधिक रहा। जीवाजीराव वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र कुमार गुप्त के अनुसार इससे पहले न्यूनतम तापमान 21 अप्रैल 2022 को 27. 5 डिग्री पहुंचा था। दिन-रात के तापमान में आ रही तेजी के साथ आम जनजीवन अब पूरी तरह से प्रभावित दिखाई देने लगा है। जिस दिन में चैन नहीं मिल रहा है, वहीं रात भी बैचेन भरी हो गई है। कूलर की हवा भी दम तोड़ती दिखाई दे रही है। अब सिर्फ एसी से ही राहत महसूस की जा रही है। मौसम विभाग की माने तो आगामी दिनों में दिन-रात का तापमान ओर बढ़ सकता है। इस बीच मौसम में बदलाव का नजारा भी दिखाई देगा।

#### 12 कि.मी. की रफ्ता से चल रही हवा

25 अप्रैल को 43 डिग्री पहुंचे तापमान के बाद हवा की रफ्तार 12 किलोमीटर प्रतिघंटे की हो गई है। मंगलवार को हवा की रफ्तार 12 किलोमीटर की थी। जिसक चलते अधिकतम तापमान 41 डिग्री दर्ज किया गया। मंगलवार सुबह आर्द्रता का प्रतिशत 51 और शाम को 21 प्रतिशत रहा। दिन में चल रही हवा पश्चिमी दिशा की ओर से आ रही थी। जिसमें गमाहाॅट महसूस हो रही थी। शाम ढलने के बाद गर्मी के साथ उमस बढ़ गई थी। गर्मी से शादी-समारोह के साथ व्यापार व्यवसाय भी प्रभावित हो गया था।

#### गर्मी को लेकर मछली पालकों को चेताया

मत्स्य पालन विभाग ने निजी एवं समस्त मत्स्य पालकों को अर्लट करते कहा कि अप्रैल 2026 में मध्यप्रदेश भीषण गर्मी और हीट वेव (लू) की चपेट में है, तापमान 45 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। तापमान में परिवर्तन से भीषण गर्मी (हीट वेव) के दौरान तालाबों का तापमान बढ़ने और ऑक्सीजन कम होने से मछलियों के मरने का खतरा बढ़ जाता है। सहायक संचालक मत्स्य पालन के अनुसार इन परिस्थितियों में मछलियों को हीट स्ट्रोक से बचाने के लिए पालक गर्मियों में तालाब की नियमित निगरानी करें। यदि मछलियां पानी की सतह पर आकर सांस लेती हुई दिखें, तो यह ऑक्सीजन की कमी का संकेत है। तुरंत ताजे पानी का प्रवाह बढ़ाएं। मछलियों का खान-पान और गतिविधि का ध्यान रखें। तालाब में लगातार पानी भरते रहें, ताकि जलस्तर ५ से ६ फीट तक बना रहे। गहराई होने से पानी जल्दी गर्म नहीं होता। सुबह-शाम पास के सबमर्सिबल पंप या ट्यूबवेल से ताजा ठंडा पानी डालें, जिससे घुली हुई ऑक्सीजन की मात्रा बनी रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com